हिन्दी सांध्य दैनिक

# प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 | www.prakharpurvanchal.com | Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्षः 8, अंकः 50, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 | 18 अगस्त, 2023 दिन शुक्रवार | गाजीपुर/वाराणसी


## सीएम योगी ने दिए निर्देश, जन शिकायतों के प्रति संवेदनशील रहें अधिकारी, हो त्वरित निस्तारण

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जन शिकायतों के प्रति संवेदनशील रहने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया है। गुरुवार को अपने राजकीय आवास पर जनता दर्शन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने आम जन से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। जनता दर्शन में प्रदेश के विभिन्न जिलों से लगभग 220 जन की उपस्थिति रही, मुख्यमंत्री ने एक-एक करके सबकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने सबको आश्वस्त किया कि सबकी समस्या का निस्तारण कराना उनकी प्रतिबद्धता है। सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश देने के साथ लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़



संकल्पित है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को दो टूक हिदायत भी दी कि हर पीड़ित के साथ संवेदनशील व्यवहार अपनाते हुए उसकी मदद की जाए। किसी की जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले, कमजोरों को उजाड़ने वाले किसी भी सूरत में बख्शे न जाएं। उनके खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। मुख्यमंत्री के समक्ष जनता दर्शन में कई लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। मुख्यमंत्री ने उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार इलाज के लिए भरपूर मदद करेगी। उनके प्रार्थना पत्रों को अधिकारियों को हस्तगत करते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि इलाज से जुड़ी एस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूर्ण करा कर शासन में उपलब्ध कराया जाए।

### मेडिकल कॉलेजों में आधार आधारित हाजिरी अनिवार्य, सभी प्रधानाचार्यों को नियम का पालन कराने का आदेश

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के सभी मेडिकल कॉलेजों में अब आधार आधारित हाजिरी व्यवस्था अनिवार्य कर दी गई है। जहां आधार आधारित हाजिरी व्यवस्था नहीं होगी, वहां के संकाय सदस्यों, रेजीडेंट डॉक्टरों व अन्य कर्मचारियों का वेतन और मानदेय का भुगतान नहीं किया जाएगा। इतना ही नहीं, भविष्य में एमबीबीएस व एमएस-एमडी की सीटों की मान्यता में भी समस्या आएगी। राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग ने पिछले साल ही आधार इनबिल्ड बायोमीट्रिक अटेंडेंस सिस्टम (एईबीएएस) सिस्टम लागू करने का निर्देश दिया है। पिछले दिनों आयोग की टीम ने कॉलेजों का निरीक्षण किया तो एईबीएएस लागू नहीं होने की जानकारी मिली। इस पर कई मेडिकल कॉलेजों को पाठ्यक्रम का नवीनीकरण व मान्यता देने से इन्कार कर दिया था। वहीं, पिछले दिनों समीक्षा बैठक में कई कॉलेजों में एईबीएएस न लागू करने की पुष्टि हुई। इस पर चिकित्सा शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव आलोक कुमार ने सभी प्रधानाचार्यों को आधार आधारित हाजिरी व्यवस्था को अनिवार्य रूप से लागू करने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि किसी मेडिकल कॉलेज में सीट बढ़ोतरी के मामले में हाजिरी की वजह से रोड़ा अटका तो संबंधित प्रधानाचार्य जिम्मेदार होंगे। एईबीएएस में बायोमीट्रिक हाजिरी को आधार कार्ड से भी जोड़ दिया गया है। इससे हाजिरी में किसी तरह का घालमेल नहीं हो सकता है।

### राष्ट्रपति बोलीं- 'बढ़ते नशे का सेवन है चिंता का विषय', माई बंगाल, एडिक्शन फ्री बंगाल का शुभारंभ

कोलकाता। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने गुरुवार को कहा है कि हम सभी स्कूलों और कॉलेजों में बढ़ते नशे के सेवन को लेकर चिंतित हैं। बच्चे और युवा हमारे सबसे महत्वपूर्ण संपत्ति हैं। जो समय और ऊर्जा अपने भविष्य के नींव को मजबूत करने में लगाना चाहिए, उस समय केवल एक लत के कारण नष्ट कर रहे हैं। हमारे शिक्षण संस्थान, मंदिरों के समान होते हैं। सभी शिक्षण संस्थानों में काउंसिलिंग, विचार-विमर्श और अन्य गतिविधियों से पता लगाना चाहिए कि विद्यार्थी कहीं किसी गलत दिशा में तो नहीं जा रहे हैं। अगर कहीं ऐसा दिखता है तो तुरंत उस पर कार्य करना चाहिए। वे कोलकाता के राजभवन में ब्रह्माकुमारीज द्वारा आयोजित 'नशा मुक्त भारत अभियान' के तहत 'माई बंगाल, एडिक्शन फ्री बंगाल' अभियान के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित कर रही थीं। राष्ट्रपति ने कहा, भारत को नशा मुक्त बनाने के कार्यक्रम में हिस्सा लेकर मुझे संतोष का अनुभव हो रहा है। मैं नशामुक्त भारत के अंतर्गत माई बंगाल, एडिक्शन फ्री बंगाल विशेष परियोजना शुरू करने के लिए प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय को बधाई देती हूं। मैं इस कार्यक्रम को प्रोत्साहन देने के लिए पश्चिम बंगाल के राज्यपाल डॉ. सीवी आनद बोस की प्रशंसा करती हूं।

## भारतीय मुसलमान पहले हिंदू ही थे, आजाद बोले- 600 साल पहले कश्मीरी पंडितों ने इस्लाम अपनाया

जम्मू। कांग्रेस का साथ छोड़कर डेमोक्रेटिव प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी बनाने वाले जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री गुलाम नबी आजाद ने बड़ा बयान दिया है। आजाद का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। हिंदू धर्म इस्लाम से भी पुराना है। सभी मुसलमान पहले हिंदू ही थे। हमारे देश में मुसलमान हिंदू से धर्मांतरण होने के बाद हुए हैं। कश्मीर में सभी मुसलमान कश्मीरी पंडितों से धर्मांतरित हुए हैं। सभी का जन्म हिन्दू धर्म में ही हुआ है। गुलाम नबी आजाद का यह वीडियो जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले का बताया जा रहा है।



गुलाम नबी आजाद ने डोडा के चिरल्ला गांव में एक सरकारी स्कूल में 9 अगस्त को एक सभा को संबोधित करते हुए कहाथा कि कश्मीरी मुसलमानों को कश्मीरी पंडितों से इस्लाम में परिवर्तित किया गया था और यहां इस्लाम से पहले हिंदू धर्म था। गुलाम नबी आजाद ने कहा कि भारत में इस्लाम 1500 साल पहले अस्तित्व में आया था जबकि हिंदू धर्म इस्लाम से भी पुराना है। 10-20 मुसलमान होंगे जो मुगल सेना के सैनिक होंगे और भारत आए होंगे। अन्यथा पूरा भारत हिंदू है और इसका उदाहरण कश्मीर में मौजूद है। 600 सौ पहले कश्मीर में कोई मुसलमान नहीं था और वहां सभी कश्मीरी पंडित थे। आजाद ने कहा कि भारत में कोई भी बाहरी नहीं है। हम सभी इस देश के हैं। भारत के मुसलमान मूल रूप से हिंदू थे, जो बाद में कनवर्ट हो गए। आजाद ने कहा कि 'हम बाहर से नहीं आए हैं इसी मिट्टी की पैदावार है। इसी मिट्टी में खत्म होना है'।

उन्होंने कहा कि हमारे बीजेपी के किसी लीडर ने बताया कि कोई बार से आए हैं कोई अंदर से आए हैं। मैंने कहा कि अंदर-बाहर से कोई नहीं आया। सब हिदूं धर्म में पैदा हुए। कश्मीरी पंडितों ने इस्लाम कबूल कर लिया, इसलिए मैंने कहा कि सभी लोग हिंदू धर्म में पैदा हुए थे। हमारे हिंदू भाई मरते हैं तो उन्हें जलाया जाता हैं। उसके बाद अवशेष दरिया में डाल देते हैं, जो जल निकायों में चली जाती है। उस पानी का उपयोग सिंचाई में भी किया जाता है और वह फिर से हम फसलों के रूप में उपयोग करते हैं। उसे पी भी जाते हैं। इसी तरह मुसलमान अपने मृतकों को दफनाते हैं और जो अंततः मिट्टी में मिल जाते हैं। हिंदू और मुस्लिम दोनों अंततः मिट्टी में लौट आएंगे और यह सब राजनीति है। राजनीति में धर्म का सहारा लेने वाले कमजोर होते हैं। उन्होंने कहा कि 'राजनीति से धर्म का कोई सरोकार नहीं है। लोगों को धर्म के नाम पर वोट नहीं लेना चाहिए। अगर कोई धर्म के नाम पर वोट लेता है तो यह देश की प्रगति में बाधा डालता है और नफरत फैलाता है। हमारी पार्टी में धर्म का कोई स्थान नहीं है। आजाद ने लोगों से अपील की है कि हमें अपने राज्य के विकास के लिए एक साथ आना चाहिए।

## सरकार के रवैये से परेशान किसान, बोम्मई ने कावेरी नदी मामले को लेकर कांग्रेस पर साधा निशाना

कर्नाटक। कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने कांग्रेस सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि किसान वर्तमान सरकार के रवैये से हैरान हैं। कांग्रेस ने किसानों और कावेरी नदी बेसिन के लोगों को धोखा दिया है। बोम्मई ने कहा कि इस सरकार ने कभी भी तमिलनाडू के कावेरी जल प्रबंधन प्राधिकरण में अपना मामला नहीं लड़ा। तमिलनाडू 32 हजार मिलियन क्यूबिक फीट (टीएमसी) का उपयोग करने के बजाय 60 टीएमसी का इस्तेमाल कर रही है। कर्नाटक सरकार ने गलत के खिलाफ लड़ाई नहीं लड़ी और इसे जाने दिया। उन्होंने पूछा कि यह किस तरह की सरकार है? इससे पहले कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने सोमवार को मुख्यमंत्री सिद्धरमैया से आग्रह किया था कि तथ्यों के आधार पर कड़ा रुख अपनाएं कि राज्य तमिलनाडु को कावेरी जल नहीं दे सकता। इस संबंध में बोम्मई ने मुख्यमंत्री को



एक पत्र लिखा था। इसमें भाजपा नेता ने कहा था कि पानी तमिलनाडु को देने से कर्नाटक के लोगों और किसानों के लिए मुश्किल पैदा हो जाएगी। वहीं दूसरी ओर, तमिलनाडु सरकार ने शुक्रवार को कहा था कि उसके पास कावेरी जल पाने के लिए उच्चतम न्यायालय में जाने के अलावा अन्य कोई विकल्प नहीं है। इसने कहा था कि कर्नाटक ने अपना रुख बदल लिया है और केवल 8000 क्यूसेक पानी छोड़ने की बात कही है जो कम है। बोम्मई ने कहा था कि कावेरी नदी घाटी में पानी की कमी की अनदेखी करते हुए निषिद्ध करुवई क्षेत्र (तमिलनाडु) में चार बार पानी दिया गया है, जो कावेरी जल विवाद न्यायाधिकरण के आदेश का उल्लंघन है। वहीं, पानी छोड़े जाने से कर्नाटक के लोगों और किसानों के लिए कठिनाई पैदा होगी। मुझे विश्वास है कि आप कावेरी नदी घाटी के लोगों के हितों की रक्षा करेंगे।

## चंद्रयान-3 का लैंडर और प्रॉपल्शन मॉड्यूल अलग हुए, अब 23 अगस्त को सॉफ्ट लैंडिंग की तैयारी

नई दिल्ली। भारत के चंद्रयान-3 मिशन के लिए गुरुवार को बड़ी खुशखबरी आई। चंद्रयान-3 के लैंडर और प्रॉपल्शन मॉड्यूल योजना के मुताबिक, दो टुकड़ों में टूटकर अलग-अलग चांद की यात्रा कर रहे हैं। इसी के साथ चंद्रयान-3 का लैंडर अब चांद के और करीब पहुंच गया है। यह 23 अगस्त को चंद्रमा पर सॉफ्ट लैंडिंग करेगा।

मिशन के अगले पड़ाव में अब लैंडर मॉड्यूल शुक्रवार को चांद की निचली कक्षा में पहुंचाया जाएगा। इसरो ने लैंडर मॉड्यूल की तरफ से एक्स पर एक पोस्ट में चंद्रयान-3 की यात्रा को लेकर ट्वीट भी किया। इसमें लैंडर की तरफ से प्रॉपल्शन के लिए कहा गया- "साथ में यात्रा के लिए शुक्रिया मित्र।" इसमें आगे कहा गया, "लैंडर मॉड्यूल सफलतापूर्वक प्रॉपल्शन मॉड्यूल से अलग हो गया। अब शुक्रवार शाम चार बजे इसे चांद की कक्षा में और नीचे उतारा जाएगा।" बता दें कि चंद्रयान-3 मिशन में लैंडर, रोवर और प्रॉपल्शन मॉड्यूल शामिल हैं। लैंडर और रोवर चांद के दक्षिणी ध्रुव पर उतरेंगे और 14 दिनों तक प्रयोग करेंगे। वहीं प्रॉपल्शन मॉड्लूय चांद की कक्षा में ही रहकर चांद की सतह से आने वाले रेडिएशंस का अध्ययन करेगा।

इस मिशन के जरिए इसरो चांद की सतह पर पानी का पता लगाएगा और यह भी जानेगा कि चांद की सतह पर भूकंप कैसे आते हैं। 14 जुलाई को श्रीहरिकोटा से रवाना होने के बाद चंद्रयान-3 ने तीन हफ्तों में कई चरणों को पार किया। पांच अगस्त को पहली बार चांद की कक्षा में दाखिल हुआ था। इसके बाद 6, 9 और 14 अगस्त को चंद्रयान-3 ने अलग-अलग चरण में प्रवेश किया। इसरो ने इन तीन हफ्तों में चंद्रयान-3 को पृथ्वी से बहुत दूर स्थित कक्षाओं में स्थापित किया।

## तटबंध के साथ सपने भी टूटे... हरिद्वार से छोड़े गए पानी ने मेरठ में मचाई तबाही, 50 लोगों का किया गया रेस्क्यू

हस्तिनापुर। हरिद्वार से सोमवार को छोड़े 3.88 लाख क्यूसेक पानी ने खादर क्षेत्र में तबाही मचाई। बाढ़ की विभीषिका झेल रहे खादर के गांवों में पानी घुस गया। फसलें जलमग्न हो गई। घरों में पानी घुस गया है। जलस्तर बढ़ने की आशंका से लोग जागकर रात काट रहे हैं। वर्ष 2010 की बाढ़ के बाद वर्ष 2013 में केदारनाथ त्रासदी के दौरान गंगा का जलस्तर पांच लाख 17 हजार क्यूसेक पहुंचा था, जिससे किनारे से 10 किलोमीटर तक पानी ही पानी दिखता था। अब करीब 10 साल बाद सोमवार को 3.88 लाख क्यूसेक पानी हो गया। इससे तटबंध बह गए। बाढ़ प्रभावित गांवों का संपर्क टूट गया। हालांकि बुधवार दोपहर जलस्तर में कुछ कमी आई। हरिद्वार से अभी 1.25 लाख क्यूसेक, जबकि बिजनौर बैराज से 1.85 लाख क्यूसेक पानी का गंगा में डिस्चार्ज है। लोग छतों पर रात काट रहे हैं। सबसे




अधिक परेशानी पशुओं और पशुपालकों के लिए है, जहां चारे व भूसे की समस्या बन गई। एडीएम वित्त एवं राजस्व सूर्यकांत त्रिपाठी और एसडीएम मवाना अखिलेश यादव का कहना है कि गंगा किनारे बसे गांवों में अनाउंसमेंट कर लोगों को आगाह किया है। एसडीआरएफ व पीएसी फ्लड बल बाढ़ग्रस्त खादर में तैनात है। गांव भागोपुर, दबखेड़ी, चामरोद, मानपुर, हरिपुर, फतेहपुर प्रेम, रठोरा कला, हंसापुर, परसापुर, सिरजेपुर, हादीपुर, गांवडी, किशनपुर दूधली आदि गांवों में हालात बदतर हैं। अनाज भीगने से खाने का संकट है। किशोरपुर से जलालपुर जोरा मार्ग क्षतिग्रस्त है।

**रेस्क्यू कर 50 लोग बाहर निकाले हस्तिनापुर**- एसडीआरएफ जवानों ने मोटरबोट से खेडी कला गांव से लोगों को रेस्क्यू किया। एसडीएम मवाना अखिलेश यादव ने बताया कि इच्छुक लोगों को बाढ प्रभावित क्षेत्र से मोटरबोट से बाहर निकाला जा रहा है।

## कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन खेड़ा को मिली जमानत पीएम मोदी के दिवंगत पिता के लिए की थी टिप्पणी

लखनऊ। संवाददाता सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दिवंगत पिता पर अभद्र टिप्पणी करने के आरोपी कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन खेड़ा को जमानत मिल गई है। सीजेएम हृषीकेश पांडेय ने आरोपी को 25-25 हजार की दो जमानतों और एक मुचलका दाखिल करने पर रिहा करने का आदेश दिया। इससे पहले वकील सुधांशु शेखर त्रिपाठी और प्रवीण कुमार यादव ने पवन खेड़ा की आत्मसमर्पण की अर्जी दी। कोर्ट ने आरोपी को हिरासत में लेने का आदेश दिया। जमानत अर्जी देकर बताया गया कि आरोपी निर्दोष है और मामले में झूठा फंसाया गया है। वहीं, आरोपी ने आश्वासन भी दिया कि जमानत का दुरुपयोग नहीं करेगा। इस पर कोर्ट ने रिहा करने का फरमान सुनाया। मालूम हो कि भाजपा के महानगर अध्यक्ष और एमएलसी मुकेश शर्मा ने हजरतगंज थाने में 20 फरवरी को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसमें बताया था कि दिल्ली में पवन खेड़ा ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की, जिसमें पीएम मोदी पर व्यंग्य करते हुए उनके नाम में दामोदर दास की जगह गौतम लगाकर उनके दिवंगत पिता को अपमानित किया। आरोपी ने मजाक उड़ाते हुए कहा कि भले ही



नाम में दामोदर दास है, लेकिन कार्य गौतमदास के समान है। आगे आरोप लगाया गया कि प्रधानमंत्री के दिवंगत पिता को गौतम अदाणी से जोड़कर उपहास उड़ाया और जनता की भावनाओं को ठेस पहुंचाया। पुलिस ने विवेचना के बाद आठ अप्रैल को चार्जशीट लगा दी थी।

## राष्ट्रपति मुर्मू ने युद्धपोत आईएनएस विंध्यागिरी का किया उद्घाटन, नौसेना की बढ़ेगी ताकत

कोलकाता। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को आधुनिक युद्धपोत आईएनएस विंध्यगिरी (पी17ए) का उद्घाटन किया। राष्ट्रपति मुर्मू ने हुगली नदी के किनारे स्थित 'गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियरिंग लिमिटेड' के परिसर में इस युद्धपोत का उद्घाटन किया। इस दौरान पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी भी मौजूद रहीं। बता दें कि भारतीय नौसेना के 'प्रोजेक्ट 17 अल्फा' के तहत बनाए जाने वाले सात जहाजों में से यह छठा जहाज है। इस अत्याधुनिक युद्धपोत के शामिल होने पर नौसेना की ताकत में उल्लेखनीय इजाफा होगा। इस प्रोजेक्ट के तहत बनाए गए पांच युद्धपोत साल 2019 से 2022 के बीच लॉन्च किए गए। इस प्रोजेक्ट के तहत गार्डन रीच



शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियरिंग लिमिटेड को तीन युद्धपोतों का निर्माण करना था और यह आईएनएस विंध्यगिरी तीसरा युद्धपोत है। बाकी के चार युद्धपोत महाराष्ट्र के मझगांव डॉक लिमिटेड द्वारा बनाए जा रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि इस युद्धपोत के 75 प्रतिशत पार्ट्स स्वदेशी कंपनियों और मध्यम आकार की कंपनियों यानी एमएसएमई कंपनियों द्वारा बनाए गए हैं। नौसेना में शामिल किए जाने से पहले इसके कई ट्रायल्स किए जाएंगे। पी17ए युद्धपोत एक गाइडेड मिसाइल युद्धपोत है, जिसकी लंबाई 149 मीटर है। इसका वजन करीब 6670 टन है और यह 28 नॉट्स की स्पीड से दौड़ सकता है। हवा, जमीन और जल तीनों जगह की चुनौतियों से निपटने में यह युद्धपोत सक्षम है। प्रोजेक्ट 17ए पोत को भारतीय वायुसेना के युद्धपोत डिजाइन ब्यूरो द्वारा ही डिजाइन किया गया है। इससे पहले अपने कोलकाता दौरे पर राष्ट्रपति मुर्मू ने मेरा बंगाल, नशा मुक्त बंगाल अभियान की शुरूआत की। नशा मुक्त भारत अभियान के तहत यह अभियान शुरू किया गया है। ब्रह्मकुमारियों द्वारा राजभवन में इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। राष्ट्रपति बनने के बाद द्रौपदी मुर्मू का यह दूसरा पश्चिम बंगाल दौरा है। इससे पहले मुर्मू मार्च में राज्य के दौरे पर आईं थी।

## जिला पंचायत अध्यक्ष को जान से मारने की धमकी, मुरादाबाद में भाजपा नेता की हत्या के बाद खुली चेतावनी

चंदौसी (संभल)। संभल की जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. अनामिका यादव को फोन पर जान से मारने की धमकी दी गई है। फोन आने के परिजन भयभीत हैं। जिला पंचायत अध्यक्ष के ससुर राजेंद्र सिंह यादव की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मोबाइल राजस्थान का बताया जा रहा है। बुधवार की शाम जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. अनामिका यादव के निजी मोबाइल नंबर पर अनजान नंबर से कॉल आई। फोन रिसीव करने पर आरोपी पहले पूछा, क्या बहन डॉ. अनामिका बोल रही है। हां, जवाब देने पर आरोपी ने दोबारा पूछा, क्या डॉ. अनामिका यादव जिला पंचायत अध्यक्ष संभल बोल रही है। दोबारा हां में जवाब देने पर आरोपी ने धमकी दी। बोले, तुम्हें व तुम्हारे पति को बिछा दूंगा, हमेशा के लिए सो जाने के लिए तैयार रहो। यह कहकर आरोपी ने फोन काट कर दिया। स्वयं व पति को जान से मारने की धमकी मिलने पर जिला पंचायत अध्यक्ष ने तुरंत ही एसपी संभल व डीएम को घटना से अवगत कराया और आवश्यक कार्रवाई के लिए कहा। वही जिला पंचायत अध्यक्ष के ससुर राजेंद्र सिंह ने मोबाइल



नंबर के आधार पर अज्ञात के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। वही पुलिस नंबर की जांच पड़ताल में लग गई। जानकारी में आया है कि मोबाइल नंबर राजस्थान का हैं। पुलिस जांच में लग गई। धमकी देने वाले की पहचान का प्रयास कर रही है।

## संपादकीय

# तेज गति से बढ़ता टोल शुल्क महंगाई का कारण बना

भारत में राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण बड़े पैमाने पर रोड बना रहा है। भारत माला जैसी परियोजनाओं के लिए भारी कर्ज लिया जा रहा है। रोडें अब धीमी गति से बन रही है। रोड बनने के पहले ही टोल शुरू हो जा रहा है। जिन रोड़ों पर टोल टैक्स लग रहा है। बीच-बीच में उनकी हालत बड़ी खस्ता है। मरम्मत भी नहीं हो पा रही है। इसके बाद भी वाहन चालकों से भारी टोल वसूल किया जा रहा है। पिछले 10 सालों से टोल टैक्स लगभग हर साल बढ़ाया जा रहा है। हर साल सरकार 5 से 10 फीसदी टोल टैक्स बढ़ा देती है। 75 फीसदी टोल वाणिज्यिक वाहनों से प्राधिकरण को प्राप्त होता है। 25 फीसदी टोल टैक्स सामान्य चार पहिया वाहनों से वसूल होता है। 2 रुपये प्रति किलोमीटर से ज्यादा टोल टैक्स की वसूली, लाइट मोटर व्हीकल से की जा रही है। वाणिज्य वाहनों में यह वसूली और भी ज्यादा है। जिसके कारण तेजी के साथ हर चीज महंगी हो रही है। बाजार में महंगाई बढ़ती चली जा रही है। वाणिज्यिक वाहनों से टोल में हजारों रुपए टैक्स के रूप में वसूल किया जा रहे हैं। जिसके कारण महंगाई दिन दूनी और रात चौगुनी गति से बढ़ रही है। लंबी दूरी पर चलने पर ट्रकों से 20 से 30000 रुपये टोल टैक्स के रूप में चुकाने होते हैं। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण कर्ज लेकर रोड बना रहा है। कर्ज लेकर जो रोड बन रही है। वह काफी धीमी गति से बन रही है। लागत के मुकाबले आय कम होने से राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण अपना कर्ज भी नहीं चुका पा रहा है। सितंबर 2022 तक राष्ट्रीय राजमार्ग का कर्ज 3.48 लाख करोड रुपए हो गया है। जो भारत की जीडीपी का 3.4 फीसदी है। 2014 से 2022 के बीच में यह कर्ज 14 गुना से ज्यादा बढ़ गया है। जिसके कारण कर्ज के मकडजाल में राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण बुरी तरह फंस गया है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने 2019 में चिट्ठी लिखकर कर्ज कम करने की चेतावनी प्राधिकरण को दी थी। उसके बाद भी राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण का कर्ज कम होने के स्थान पर बढ़ता ही जा रहा है। 2014 के बाद से प्राधिकरण द्वारा अंधाधुंध कर्ज लिया जा रहा है। भूमि अधिग्रहण की लागत 30 फीसदी से ज्यादा बढ़ गई है। दबाव में कई ऐसी परियोजनाओं को शुरू कर लिया गया है। जो किसी भी तरीके से लाभदायक और जरूरी नहीं है। सड़क निर्माण की रफ्तार भी तेजी के साथ घट गई है। पहले प्रतिदिन 37 किलोमीटर सड़क तैयार हो रही थी। जो अब घटकर 20 किलोमीटर पर आ गई है। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण भारी आर्थिक संकट के दौर से गुजर रहा है। पिछले 5 वर्षों में राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण का कर्ज 47 फीसदी बढ़ गया है। जबकि आय में केवल 7.3 फीसदी का इजाफा हुआ है। प्राधिकरण चाहता है, कि सड़कों पर टोल बढ़ाया जाए। हर साल 5 से 10 फीसदी बढ़ाया भी जा रहा है। टोल अब इतना ज्यादा हो गया है, कि इससे ज्यादा यदि वसूल किया गया। तो लोगों की नाराजगी सड़कों पर खुलकर सामने आ जाएगी। टोल के कारण महंगाई बड़ी तेजी के साथ बढ़ रही है। कर्ज की समस्या से निपटने के लिए सरकार,इन सड़कों को बेचकर, निजी क्षेत्र को देने का मन बना लिया है। सरकार हाईवे बेचने के लिए ग्राहकों की तलाश कर रही है। लेकिन ढंग के ग्राहक भी सरकार को नहीं मिल पा रहे हैं। जो पुराने निवेशक हैं। वह घाटे के कारण बाहर निकालने की तैयारी कर रहे हैं। महंगाई और ब्याज दर बढ़ने के कारण टोल कंपनियों को टोल से कमाई की उम्मीद कम हो गई है। जिसके कारण राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की मुसीबतें अब दिनों दिन बढ़ने वाली हैं। कर्ज के भार से राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण कराहने लगा है। टोल प्लाजा पर जिस तरह से शुल्क बढ़ाया जा रहा है। अब उसकी नाराजी भी देखने को मिलने लगी है। टोल का खर्च और ईंधन का खर्च लगभग लगभग बराबर होने की स्थिति पर आ गया है। जो सबसे बड़ी चिंता का कारण है।

## मांग रहे जवाब!



चल रहा प्रदर्शन ।  
मांग रहे जवाब ।।  
है बाहर हंगामा ।  
ना भटको जनाब ।।  
नारेबाजी हो हल्ला ।  
है अपना अधिकार ।।  
सही सही बोलो ।  
है वरना धिक्कार ।।  
काम है हमारा ।  
देना इस पर ध्यान ।।  
कुर्सी का पर ना करो ।  
तुम कभी अभिमान ।।  
रस्साकस्सी है चलनी ।  
और लगाना जोर ।।  
बेवजह ना बनो ।  
अंदर भाव-विभोर ।।  
-कृष्णेन्द्र राय

# मोदी ने लाल किले से चुनाव प्रचार किया या भारत के भविष्य के लिए अपना रोडमैप प्रस्तुत किया?

**ललित गर्ग**

स्वतंत्रता दिवस समारोह पर लाल किले की प्राचीर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का इस वर्ष राष्ट्र के नाम उद्बोधन अमृतकाल के कालखंड के सन्दर्भ में एक विशाल एवं विराट इतिहास को समेटे हुए नये भारत के नये संकल्पों की सार्थक प्रस्तुति रहा है। भले ही राजनीतिक स्वार्थ की रोटियां सेंकने वाले इसे वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव से जोड़कर देख रहे हैं, जबकि यह उद्बोधन भारत की भावी दशा-दिशा रेखांकित करते हुए उसे विश्व गुरु बनाने एवं दुनिया की आर्थिक महाताकत बनाने का आह्वान है। यह शांति का उजाला, समृद्धि का राजपथ, उजाले का भरोसा एवं महाशक्ति बनने का संकल्प है। लेकिन यह सत्य है कि मोदी ने 2024 के आम चुनाव के लिये आशीर्वाद मांगा, अगले वर्ष भी लाल किले से वे ही भाषण देंगे, ऐसा आत्म विश्वास भी व्यक्त किया। प्रधानमंत्री ने न केवल अपने शासनकाल की उपलब्धियों को गिनाया बल्कि उन्होंने अगले पांच वर्ष के लिए भी देश की प्रगति का खाका खींच दिया।

उन्होंने 10 वर्षों में देश की अर्थव्यवस्था को दसवें नम्बर से पांचवें नम्बर तक लाने को उपलब्धि बताते हुए अगले पांच वर्ष में देश को विश्व की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने का भरोसा भी दिया। निश्चित ही अब तक हुए लाल किले की प्राचीर के उद्बोधनों में सर्वाधिक प्रेरक, संकल्पमय एवं नये भारत-सशक्त भारत की इबारत लिखने वाला यह उद्बोधन रहा। यह अंधेरों को चीर कर उजाले की ओर बढ़ते भारत की महान यात्रा के लिये सबके जागने, संकल्पित होने एवं आजादी के अमृतकाल को अमृतमय बनाने के लिये दृढ़ मनोबली होने का आह्वान है।

विपक्ष आलोचना के लिए स्वतंत्र है और वह प्रधानमंत्री के भाषण को चुनावी भाषण करार दे सकता है। लेकिन स्वतंत्रता दिवस का उद्बोधन राष्ट्र के नाम ऐसा उद्बोधन होता है जो इस बात का विश्लेषण करता है कि हम कहां से कहां तक पहुंच गए। अंतरिक्ष हो या समंदर, धरती हो या आकाश, देश हो या दुनिया आज हर जगह भारत का परचम फहरा रहा है, भारत ने जितनी प्रगति की है उसे देखकर हर देशवासी को भारतीय होने का गर्व हो रहा है तो इसका श्रेय मोदी को दिया जाना कोई अतिश्योक्ति नहीं है, इसकी चर्चा करना राजनीतिक नहीं, भारत की सांस्कृतिक, आर्थिक, राजनीतिक समृद्धि का बखान है। हर भारतवासी मोदी के उद्बोधन से इसलिये भी प्रेरित एवं प्रभावित है कि उन्होंने पहली बार समूचे देश को एक परिवार के रूप में प्रस्तुति देते हुए बहनों और भाइयों तथा मित्रों की जगह देशवासियों को परिवारजन कहकर सम्बोधित किया और 90 मिनट के भाषण में उन्होंने 26 बार परिवारजन शब्द का इस्तेमाल किया। केवल अपना उपकार ही नहीं परोपकार भी करना है। अपने लिए नहीं, दूसरों के लिए भी जीना है। यह हमारा दायित्व भी है और ऋण भी, जो हमें अपने समाज और अपनी मातृभूमि को चुकाना है। परशुराम ने यही बात भगवान श्रीकृष्ण को सुदर्शन चक्र देते हुए कही थी कि वासुदेव कृष्ण, तुम बहुत माखन खा चुके, बहुत लीलाएं कर चुके, बहुत बांसुरी बजा चुके, अब वह करो जिसके लिए तुम धरती पर आये हो। मोदी ने भी देश की जनता में जोश



एवं संकल्प जगाते हुए ऐसा ही कुछ कहा जो जीवन की अपेक्षा को न केवल उद्घाटित करता है, बल्कि जीवन की सच्चाइयों को परत-दर-परत खोलकर रख देते हैं। भारत तो अतीत से विश्व को परिवार मानता रहा है, तभी उसने वसुधैव कुटुंबकम् का मंत्र उद्घोष किया। मोदी ने अतीत की परम्परा को आगे बढ़ाते हुए विश्व को अपना परिवार मानने की भावना का परिचय कोरोना काल में दिया ही, जी-20 समूह के ध्येय वाक्य के रूप में भी वसुधैव कुटुंबकम् का चयन किया। हम भारत के लोग विश्व मंगल की कामना की पूर्ति तभी अच्छे से कर सकते हैं जब पहले राष्ट्र मंगल की भावना से ओतप्रोत हों। इसके लिये जो अतीत के उत्तराधिकारी और भविष्य के उत्तरदायी हैं, उनको दृढ़ मनोबल और नेतृत्व का परिचय देना होगा, पद, पार्टी, पक्ष, प्रतिष्ठा एवं पूर्वाग्रह से ऊपर उठकर। यही भावना सबल सक्षम और समरस राष्ट्र बनाएगी और विश्व में भारत का मान बढ़ाएगी, इसी से भारत विश्वगुरु बनेगा।

अनेक विशेषताओं एवं विलक्षणों वाले इस बार के उद्बोधन एवं स्वतंत्रता दिवस समारोह की सबसे महत्वपूर्ण बात यह रही कि इसमें नई संसद बनाने वाले श्रमिक, नर्सों, देशभर के कई क्षेत्रों के कामगार और सीमांत क्षेत्रों के वाइब्रेंट गांव के सरपंचों को आमंत्रित किया गया। यह श्रम की प्रतिष्ठा और श्रम की पहचान देने वाला अनूठा एवं प्रेरणस्पद आयाम था। प्रधानमंत्री ने श्रमिक वर्ग को इस बात का अहसास कराया है कि भारत के मजबूत लोकतंत्र और प्रगति में उनका योगदान भी उतना ही महत्वपूर्ण है जितना कि अन्य लोगों का। प्रधानमंत्री ने जमीन से जुड़ी प्रतिभाओं को पद्म सम्मान देकर भी भारत के जन-जन को उचित सम्मान देने की परम्परा का सूत्रपात किया है। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में देश की जनता को न केवल प्रेरित किया, बल्कि यह भरोसा भी दिलाया कि अनेक चुनौतियों के बावजूद भारत सही दिशा में आगे बढ़ रहा है और विकसित राष्ट्र का सपना साकार होने को है। प्रधानमंत्री ने कामगारों के लिए चाहे वह बाल काटने वाले हों या कपड़ों की धुलाई करने वाले या फिर अन्य छोटे-मोटे धंधे करने वाले के लिए 15 हजार करोड़ की विश्वकर्मा योजना शुरू करने की घोषणा की है। ऐसे वर्गों के लिए ऐसी योजना विश्वकर्मा जयंती पर शुरू होगी। ह्यसबका साथ, सबका विकासह्न के मूल मंत्र को साकार करते हुए मोदी देश की तकदीर एवं तस्वीर बदलने में जुटे हैं। प्रधानमंत्री ने देश में आतंकवादी वारदातें कम होने, भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने, सरकार के ईमानदारी और पारदर्शिता से काम करने का उल्लेख करते हुए कहा कि उनकी सरकार ने गरीबों के कल्याण के लिए ज्यादा से ज्यादा धन खर्च किया है और 13.5 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकाला है। निश्चित ही भारत से गरीबी दूर हो रही है। उन्होंने देशवासियों को ?इस बात का अहसास कराया कि जब देश आर्थिक रूप से मजबूत होता है तो तिजोरी ही नहीं भरती बल्कि देश का सामर्थ्य भी बढ़ता है। उन्होंने देशवासियों से परिवारवाद, भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण के खिलाफ लड़ने का आह्वान भी किया क्योंकि ये गरीब, पिछड़े, आदिवासियों और दलितों का हक छीनते हैं। मणिपुर हिंसा पर उन्होंने कहा कि केन्द्र और राज्य सरकार मिलकर मणिपुर समस्या के समाधान के लिए काम कर रही है और शांति से ही समस्याओं का समाधान निकलेगा। आज देश की मातृशक्ति सफलता के नए आयाम गढ़ रही है।

# लोक आस्था का पर्व है बिहुला विषहरी

**निमिषा सिंह**

प्राचीन भारत के सोलह महाजनपदों में से एक अंगदेश (वर्तमान बिहार के भागलपुर, मुंगेर जिलों के आसपास का क्षेत्र) की राजधानी चम्पा में (वर्तमान में भागलपुर जिले के नाथनगर के चंपानगर) पौराणिक काल से चली आ रही बिहुला-विषहरी पूजा की परंपरा आज भी कायम है। केवल बिहार ही नही बल्कि झारखंड बंगाल उड़ीसा और आसाम के कुछ क्षेत्रों में भी बिहुला विषहरी की पूजा की जाती है। चंपा नगर इस पौराणिक मान्यता का उद्भव स्थल है। यहीं पर माता विषहरी को सती बिहुला के कारण ख्याति प्राप्त हुई। अंग देश महाभारत के यशस्वी पात्र दानवीर राजा कर्ण की धरती के नाम से जानी जाती है। चम्पा यानि मौर्य काल के सम्राट अशोक की माँ सुम्भाद्रांगी का स्थान। जैनियों के १२ वें तीर्थंकर भगवान वासुपूज्य के पंचकल्याणक की चम्पा। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के पूर्व निदेशक एवं भागलपुर के एतिहासिक विषयों पर लिखने वाले शिवशंकर सिंह पारिजात कहते हैं कि बिहुला विषहरी की कहानी को बंगाल में मनसा मंगल काव्य में भी जाना जाता है। विक्रमशिला विश्वविद्यालय के उत्खनन में धातु की बनी विषहरी की दो मूर्तियां भी मिली थीं। एन एल डे ने अपनी किताब एनसिएंट ज्योग्राफी ऑफ इंडिया में लिखा है कि विहुला विषहरी की घटना चंपानगर में घटित है। इसी चम्पा में ६ठी शताब्दी के आसपास विख्यात शिव भक्त चांदो सौदागर हुए जिनका प्रभुत्व एवं व्यापार चारो दिशाओं में फैला हुआ था। चंपा नगरी तब जलमार्ग के रास्ते व्यापार का केंद्र हुआ करती थी। कहा जाता है कि पूर्व काल ( ६ ठी शताब्दी पूर्व ) में धरती पर शिव परिवार के साथ नागों की पूजा को सम्मान नहीं मिला था। इन्हीं नागों की अधिष्ठात्री देवी बिषहरी मनसा हैं।इनकी चार बहनें, मैं, दिति, जया और पद्मा थी। इन पांचो बहनों का आविर्भाव भगवान शिव की जटा से होने के कारण ये शिव की मानस कन्याएं सम्मिलित रूप से मनसा के नाम से चर्चित हैं। भगवान शिव की मानस पुत्री होने के बाद भी मनसा की पूजा शिव परिवार के तरह नहीं हो रही थी जबकि उनके परिवार के ही पार्वती गणेश कार्तिकेय भैरव नंदी आदि की पूजा हो रही थी। जिसकी वजह से मनसा बिषहरी असंतुष्ट रहती थी और इस समस्या को लेकर वो भगवान शिव के पास गयीं। शिकायत सुनकर शिव ने कहा- पृथ्वी पर चम्पापुरी में एक सौदागर चंद्रधर अर्थात चांदो सौदागर मेरे विख्यात एवं कट्टर भक्त हैं। सर्वप्रथम उसी सौदागर से तुम पूजा लो। अगर वह तुम्हे पूजा दे देगा तो तुम्हारी पूजा इस पृथ्वी पर शिव परिवार की तरह होने लगेगी। मनसा बिषहरी चम्पापुरी के चांदो सौदागर के पास प्रगट हुई और उस सौदागर से अपनी पूजा मांगी। लेकिन चांदो सौदागर ने पूजा देने की बजाय उनकी भर्त्सना कर डाली। परिणाम स्वरूप सौदागर के छह पुत्रों को मनसा-बिषहरी के कोपभाजन का शिकार होना पड़ा। सभी सर्प दंश के शिकार हुए। कट्टर शिव भक्त चांदो सौदागर फिर भी बिषहरी पूजा को तैयार नहीं हुए। कुछ समय बाद सौदागर को बाला लखीन्दर के रूप में 7वां पुत्र हुआ। बिषहरी के श्राप के अनुसार बाला लखीन्दर की मृत्यु सर्पदंश से सुहागरात के दिन सुनिश्चित थी। हठी सौदागर ने भगवान विश्वकर्मा का आह्वान कर लोहा बांस का एक ऐसे दुगेद्य भवन बनाने को कहा जिसमें सुरक्षा को लेकर कोई छेद न छोड़ने को कहा गया। इस बात का पता चलते ही विषहरी ने कारीगर को बुलाकर एक छोटी सी सुराग मकान की दीवार में छोड़ देने पर राजी कर लिया जिसे आसानी से देखा नहीं जा सकता था।

## मणिपुर में नृजातीय संघर्ष : नैतिकता का पतन



19 जुलाई 2023 को ट्विटर पर एक वीडियो वायरल हुआ जिसमें कुकी समुदाय की दो महिलाओं को लगभग 1000 लोगों की भीड़ द्वारा जबरन नग्न अवस्था में घुमाते हुए दिखाया गया। यह घटना 4 मई 2023 की है जो एक मैतेई महिला के बलात्कार और हत्या की फर्जी खबर प्रसारित होने के बाद हुई थी। पुलिस की शिकायत के अनुसार, कुकी समुदाय के दो पुरुष और तीन महिलाएं जब हिंसा प्रभावित अपने जिले से भागने की कोशिश कर रहे थे, तो मैतेई भीड़ ने उन्हें रोक दिया। दोनों पुरुषों को भीड़ ने मार डाला और महिलाओं को अपने कपड़े उतारने के लिए मजबूर किया गया, जिसके बाद एक महिला के साथ "क्रूरतापूर्वक सामूहिक बलात्कार" किया गया। एक पीड़ित ने आरोप लगाया कि इसमें पुलिस भी शामिल थी। पुलिस ने इस मामले में पहली गिरफ्तारी वीडियो वायरल होने के बाद की, जो घटना के महीनों बाद हुआ था।

यद्यपि इस विषय पर सख्ती अपनाते हुए कुछ ही घण्टो के बाद सुप्रीम कोर्ट ने सरकार को चेतावनी दी अन्यथा सुप्रीम कोर्ट खुद ही हस्तक्षेप करने के लिए तत्पर थी। किन्तु किसी भी देश मे इस तरह की अमानवीय घटना नैतिकता को पतन कि ओर ले जाता है। यह घटना तो राष्ट्रीय खबर बन चुकी है किंतु हैरानी इस बात की है कि यह घटना होने के लगभग ढाई महीने बाद पता चला। कई लोगों ने बताया कि इंटरनेट बंद होने से घटना को छुपाने में मदद मिली। वही एक समाचार पोर्टल न्यूजलाउंड्री ने बताया कि राष्ट्रीय महिला आयोग को इस बात की जानकारी थी क्योंकि उन्हें जून के महीने में शिकायत मिली थी और उन्होंने तब इसे नजरअंदाज कर दिया था। प्रश्न यह उठता है कि हम आजादी के 76 साल बाद भी क्या अनैतिकता से ऊपर उठ पाए है ? क्या हम सर्वधर्म समभाव और वसुधैव कुटुम्बकम की अवधारणा को अपने अंदर समाहित कर पाए है? क्या हम जाति सम्प्रदाय से ऊपर उठकर जीवन जीने में विश्वास कर पाए तो इसका उत्तर है नही । आज की परिस्थिति देखते हुए हमें यह स्वीकार करना होगा कि नैतिकता की भावना का विकास अत्यंत आवश्यक है। इस घटना जिक्र मैंने इसलिए किया क्योंकि इससे सब रूबरू है अन्यथा समाज मे कई कुरीतियां एवं कई घटनाएं है जो नैतिकता को पतन की ओर ले जाती है।

अब प्रश्न यह उठता है कि नृजातीय संघर्ष कैसे नैतिकता को प्रभावित कर सकता है। चलिए मणिपुर में चल रहे संघर्ष का जिक्र करते हुए व्याख्यायित करने का प्रयास करते है। मणिपुर में अब तक लगभग 180 लोग मारे गए और घायल 240 है ये डेटा कागजो और कम्प्यूटर पर है किंतु वास्तविकता तो उनके पास होगी जिन्होंने इस घटना को साक्षात देखा होगा । वैसे तो नृजातिय संघर्ष के दो प्रमुख कारण भाषा और धर्म है किंतु मणिपुर में जातिय संघर्ष हुआ मैतेई और कुकी के बीच। जिसमे मैतेई जनजाति की मांग भारतीय संविधान के तहत अनुसूचित जनजाति का दर्जा देने के लिए लंबे समय से चली आ रही मांग से जुड़ा है जो आदिवासी समुदायों के बराबर विशेषाधिकार प्रदान करेगा। अप्रैल में, मणिपुर उच्च न्यायालय के एक फैसले ने राज्य सरकार को इस मुद्दे पर चार सप्ताह के भीतर निर्णय लेने का निर्देश दिया। आदिवासी समुदायों ने मैतेई की मांग का विरोध किया। ऑल ट्राइबल स्टूडेंट यूनियन ऑफ मणिपुर (एटीएसयूएम) ने 3 मई को सभी पहाड़ी जिलों में एकजुटता मार्च निकाला। मार्च के अंत तक, इंफाल घाटी की सीमा से लगे चुड़ाचाँदपुर जिले और उसके आसपास मैतै और कुकी आबादी के बीच झड़पें शुरू हो गईं। यह विवाद इतना विकराल रूप लेगा किसी को खबर नही थी। लगभग साढ़े तीन महीने में इतनी घटनाये हुई मणिपुर में जो नृजातीय संघर्ष का विराट रूप लिया जो नैतिकता विहीन समाज को दशार्ता है।

**ये लेखिका के अपने व्यक्तिगत विचार है।**

**सूची पाठक**
**रिसर्च स्कॉलर**

# विधानसभा सत्र में मुख्यमंत्री योगी ने विरोधी दलों पर बनाई मनोवैज्ञानिक बढ़त

**मृत्युंजय दीक्षित**

उत्तर प्रदेश विधानसभा का मानसून सत्र संपन्न हुआ। इस सत्र में जहाँ एक ओर कई ऐतिहासिक व महत्वपूर्ण विधेयक पारित हुए वहीं दूसरी ओर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संबोधन ने प्रदेश के विपक्ष को चिंता में डाल दिया। केंद्र में आई.एन.डी.आई.ए. गठबंधन सरकार के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव लेकर आया और प्रधानमंत्री जी के उत्तर के बीच में स्वयं ही बहिर्गमन कर अपनी किरकिरी करा ली, इसका प्रभाव विधानसभा सत्र पर भी दिखा।

संसद में आई.एन.डी.आई.ए का अविश्वास प्रस्ताव गिर जाने के बाद विधानसभा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सपा मुखिया अखिलेश यादव पर सियासी तंज कसे और कहा कि हम 2024 ही नहीं अपितु 27 व 32 भी जीतेंगे। योगी जी की इस भविष्यवाणी से विरोधी दल के नेता सकपका गये हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने सम्बोधन में जहां प्रदेश सरकार की उपलिब्धयों का विस्तृत चित्र प्रस्तुत किया वहीं सांस्कृतिक राष्ट्रवाद व हिंदुत्व की विचाराधारा को आगे बढ़ाने का संकेत दिया। मुख्यमंत्री ने सपा मुखिया पर कविताओं के माध्यम से जमकर व्यंग्य बाण छोड़े और चाचा शिवपाल यादव को भी यह कहते हुए अपना रास्ता तय करने की सलाह दी कि समाजवादी आपको कभी सम्मान नहीं देंगे।

अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने सपा नेता अखिलेश यादव द्वारा बनाये जा रहे पीडीए पर हमला बोलते हुए कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत हमने जो 55 लाख आवास गरीबों को दिये हैं क्या यह पीडीए नहीं है? हमारी सरकार हर घर नल योजना चला रही है, हर महिला के लिए शौचालय उपलब्ध हो रहा है, हर घर रसोई गैस उज्ज्वला योजना के माध्यम से पहुंच रही है क्या यह पीडीए वर्ग में नहीं है? मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नेता प्रतिपक्ष को उत्तर देते हुए कि आपके लिए गरीब वोट बैंक है जबकि हमारे लिए परिवार है। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश के अंदर 10 करोड़ लोगों को आयुष्मान भारत की सुविधा मिल रही है। स्वास्थ्य सुविधा पहले से बेहतर हुई है। अपनी सरकार की उपलब्धियां बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आज गोरखपुर, महराजगंज, कुशीनगर, देवरिया, सिद्धार्थनगर, संत कबीर नगर, बस्ती, बहराइच, बलरामपुर, श्रावस्ती, गोंडा, पीलीभीत, लखीमपुर और सहारनपुर तक से इंसेफलाइटिस समाप्त हो चुका है। नेता प्रतिपक्ष के सांड वाले विषय पर मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस सांड की आप बात कर रहे हैं वह पशुपालन का हिस्सा है ओर हमारे लिए नंदी के समान है। आप के समय में वह बूचड़खने के हवाले होता था हमारे समय में यही पशुपालन का हिस्सा है। योगी जी ने



अपने सम्बोधन में कांवड़ यात्रा और पुलिस थानों में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी मनाए जाने का उल्लेख करते हुए कहा कि कांवड़ यात्रा पर पुष्पवर्षा करने से नेता प्रतिपक्ष को परेशानी होती है, आपने तो कांवड़ यात्रा को प्रतिबंधित ही कर दिया था। और तो और आप लोगों ने तो पुलिस लाइन में जन्माष्टमी के आयोजन को भी प्रतिबंधित कर दिया था, मैंने आते ही हर थाने, हर बैरक और हर जेल में जन्माष्टमी का पर्व मनाने का रास्ता साफ किया और इस बार भी हर थाने, हर बैरक और हर जेल में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का आयोजन होगा। कांवड़ यात्रियों पर पुष्प वर्षा भी होती रहेगी। ज्ञातव्य है कि लगभग चार करोड़ लोग हरिद्वार और गाजियाबाद के बीच कांवड़ लेकर चलते हैं और मुख्यमंत्री स्वयं पुष्पवर्षा करते हैं। कांवड़ यात्रियों ने वह दिन भी देखे हैं जब उनकी सुरक्षा का कोई प्रबंध नहीं किया जाता था। समाजवादी व बसपा की सरकारों में जिहादी मानसिकता के लोग कांवड़ियों पर पत्थरबाजी करते थे, यह जिहादी मानसिकता के लोग कांवड़ियों के बीच नकली कांवड़ यात्री बनकर घुस जाते थे और असली कांवड़ को अपवित्र करते थे, जिहादी मानसिकता के लोग महिला कांवड़ यात्रियों के साथ छेड़छाड़ करते थे किंतु जब से यूपी में योगी सरकार आयी है तबसे कांवड़ यात्रियों को भरपूर सम्मान मिल रहा है। आज योगी सरकार में सनातन हिंदू समाज का सम्मान हो रहा है। एक-दो जगह जिहादी मानसिकता के लोग अभी भी कांवड़ यात्रियों को परेशान करने का प्रयास करते हैं किंतु अब उन लोगों के लिए उत्तर प्रदेश पुलिस ने जीरो टॉलरेंस की नीति अपना ली है। प्रदेश के हर थाने हर बैरक और हर जेल में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व एक बार फिर बहुत धूमधाम से मनाया जाने वाला है और इसके लिए हर थाने, हर बैरक और हर जेल में स्वच्छता अभियान का आरम्भ हो चुका है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का मानना है कि इससे जीवन शैली में अनुशासन आता है और जेलों में बंद अपराधियों के मन में भी सुधार की प्रक्रिया तीव्र होती है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने विधान सभा संबोधन से समाज के हर वर्ग व समुदाय को संदेश व संकेत देते हुए सामाजिक समरसता पर भी बल दिया है। योगी का संदेश साफ था कि आज प्रदेश का हर जिला विकास के लिए वीआईपी है जबकि पहले कुछ जिले ही वीवीआईपी थे। आज प्रदेश का समग्र विकास हो रहा है और सरकार की हर योजना समाज के हर व्यक्ति तक पहुंच रही है। योगी ने बताया कि आज हमारी योजनाओं के जो लाभार्थी हैं वह भी पीडीए ही हैं जबकि समाजवादी हर जगह भेदभाव करते थे। मुख्यमंत्री ने अपने भाषण के माध्यम से 2024 के लोकसभा चुनाव ही नहीं अपितु 2027 और 32 की रूपरेखा बनाकर प्रतिपक्ष को दिखा दी है। योगी आदित्यनाथ का आत्मविश्वास प्रबल है, भारतीय जनता पार्टी उनके नेतृत्व में प्रदेश की सभी 80 लोकसभा सीटें जीतने के लिए संकल्पबद्ध है और योगी जी उसी दिशा में अपनी रणनीति को धार दे रहे हैं। आगामी लोकसभा चुनाव के पहले प्रदेश भाजपा सरकार के नेतृत्व में चल रहे विकास कार्य तीव्रता से पूर्णता की ओर बढ़ रहे हैं। अयोध्या में बन रहे भव्य श्रीरामजन्मभूमि मंदिर का लोकार्पण जनवरी में किया जाना है। जनवरी 2024 में रामलला मुख्य मंदिर के गर्भगृह में विराजमान होंगे, इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वयं उपस्थित रहेंगे। मिर्जापुर के निकट मां विन्ध्यवासिनी मंदिर का कॉरिडोर भी पूर्णता की ओर बढ़ रहा है।

# बदमाशों ने बाइक से पीछा कर दुसरे बाइक पर सवार युवक को मारी गोली, मौत

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। मरदह थाना क्षेत्र के मरदह बाजार के कंसहरी मोड़ पर बाइक सवार युवकों ने पीछा कर एक दुसरे बाइक पर सवार युवक को गोली मार दी, अचानक हुए हमले के बाद आनन फानन में घायल युवक की बाइक पर सवार युवक उसे आनन अस्पताल ले गया जहा डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक की शिनाख्त विंध्याचल राजभर 21 वर्ष मरदह थाना क्षेत्र के बसपुर, मुस्तफाबाद का निवासी बताया जा रहा है । घटना के बाद पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गयी।

घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह भी पहुंचे और वहां मौजूद मीडिया को उन्होंने बताया है कि डायल 112 पर इस घटना की सूचना पुलिस को मिली थी , पुलिस जांच में पता चला है कि मृतक यहीं का रहने वाला है। बाइक से जा रहा था उसे पीछे से बाइक सवार अज्ञात बदमाशों ने गोली मारी है। गोली दाहिने कंधे में लगी जो सीने को चीरते हुई अंदर जा लगी। जिसे अस्पताल ले जाया गया लेकिन वह मृत घोषित कर दिया गया है ।





प्रथमदृष्टया जांच में पता चला है कि इससे दो दिन पहले कंसहरी मोड़ पर ही दुकान पर झगड़ा और मारपीट हुई थी , फिर दोनों पक्षों ने आपस में सुलह कर ली थी। अभी कुछ स्थानीय लोगों से भी पारिवारिक मुकदमें है जिसके बारे में पुलिस जांच कर रही है। मृतक के पिता मऊ जनपद में सरकारी कर्मी हैं जो मौके पर पहुंचकर अज्ञात व्यक्तियो के खिलाफ एफआईआर की कार्यवाही किए। मिली जानकारी के अनुसार एक ही बाईक पर सवार मृतक विंध्याचल और 2 अन्य मरदह के लिए दोपहर को जिम के लिए निकले थे । घटना के बाद मौके पर मरदह थाना के साथ ही अन्य थानों की पुलिस पहुच गयी ।पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने घटना स्थल पर पहुच कर घटनास्थल का निरीक्षण किया ।फिलहाल पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दिया है ।

## बाल पोषण माह का हुआ शुभारंभ सीएमओ ने विटामिन ए की पिलाई खुराक

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। बाल स्वास्थ्य पोषण माह जिसके अंतर्गत 9 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों को विटामिन ए की खुराक पिलाई जानी है। जो 16 अगस्त बुद्धवार से शुरू होकर 15 सितंबर तक चलेगा। इस कार्यक्रम का शुभारंभ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सुभाकर के अंतर्गत आने वाले उप केंद्र महाराजगंज पर बच्चों को विटामिन ए की खुराक मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ देश दीपक पाल के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन ग्राम प्रधान नंदू प्रसाद के द्वारा दीप प्रज्वलन किया गया। यह कार्यक्रम प्रत्येक बुधवार और शनिवार को जनपद में चलेगा। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी एनएचएम डॉ मनोज कुमार सिंह ने बताया कि विटामिन ए की खुराक 9 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों को पिलाया जाता है जिससे बच्चों को कई बीमारियों से सुरक्षा मिलता है। उन्होंने बताया कि विटामिन ए वसा में घुलनशील विटामिन है जो शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है। जिससे बच्चों में अनेक रोगों से लड़ने हेतु प्रतिरोधक क्षमता विकसित होती है जिससे वे स्वस्थ व पोषित रहते हैं। इस अवसर पर जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ सुजीत कुमार मिश्रा , जिला कार्यक्रम प्रबंधक एनएचएम प्रभुनाथ, डॉ मुंशीलाल, एस एम ओ डब्ल्यू एच ओ विनय कुमार के अलावा बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारी व कर्मचारी के साथ एएनएम, आशा, सीएचओ आदि उपस्थित रहे।



## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में विकास भवन में हुआ किसान दिवस का आयोजन, सुनी समस्याएं



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। जिलाधिकारी आर्यका अखौरी की अध्यक्षता में विकास भवन कार्यालय के कान्फ्रेस हाल में दिनांक को बुधवार को किसान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में किसानों ने अपनी सहभागिता सुनिश्चित की। किसानों ने मुख्य रूप से नहरों में पानी न पहुचने की शिकायत की। विकास खण्ड करण्डा के कृषक अरूण सिंह द्वारा बताया गया कि माइनर मुडरभा देवकली पम्प कैनाल में 07 वर्षो से टेल तक पानी नही पहुच पाता हैं तथा विकास खण्ड जमानियॉ में बाबू लाल मानव द्वारा शिकायत की गयी कि हरपुर माइनर डोमनपुर में कुलावा न होने से सिचाई नही हो पा रही है। विकास खण्ड सदर में कृषक राम मूरत कुशवाहा द्वारा सिंचाई के लिए देवकली पम्प नहर से डिलिया माइनर तक आज तक पानी नही पहुच पाया है। इस पर जिलाधिकारी ने सिंचाई विभाग के अधिकारी अभियन्ता को निर्देश दिया कि लगातार पेट्रोलिंग कर सभी टेलो तक पानी पहुचाना सुनिश्चित कराये, काई भी नहरों में बन्धा बना कर पानी न रोके। जिलाधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि अधिशासी अभियन्ता व सहायक अभियन्ता की बैठक बुलाकर नहरो तक पानी पहुचायी जाय, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नही होगी। उप कृषि निदेशक द्वारा कृषकों को अवगत कराया कि किसान क्रेडिट कार्ड बनाने हेतु अभियान चल रहा है। कृषक क्रेडिट कार्ड बनावाले। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत खरीफ फसलो का 02 प्रतिशत देकर बीमा हो जाता है। कृषकों द्वारा बताया गया कि जमानियॉ में उमरगंज गॉव की आई0डी0 नही बन पा रही है। जिससे किसानों को योजना का लाभ नही मिल पा रहा है खराब ट्रान्सफार्मर को नही बदला जा रहा है जिसपर जिलाधिकारी ने सम्बन्धित को निर्देशित किया है कि खराब व जले ट्रान्सफार्मर को किसी भी दशा में तीन दिन के अन्दर ठीक करा लिया जाय। इसी तरह जसदेवपुर व रानीपुर में पी0ओ0एस0 मशीन खराब होने के कारण उर्वरक की बिक्री बाधित होने की बात बताई। अनुप राय द्वारा पशुओं में टीकाकरण न होने की समस्या बताई जिसपर पुश चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि तत्काल पशुओं की जॉच कर टीम बनाकर घर-घर जारक टीकाकरण करायी जाय। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी, उप कृषि निदेशक, जिला कृषि अधिकारी, एवं अन्य संबंधित अधिकारी भारी संख्या में कृषक उपस्थित रहें।

## हत्या का मुकदमा दर्ज कराने पहुंचा भाई हुआ गुमराह

### ब्राह्मण सभा के जिलाध्यक्ष स्वतंत्र चौबे के परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

प्रखर दानगंज वाराणसी। फूलपुर थाना क्षेत्र के खालिसपुर रेलवे ट्रेक पर मिले भाई के शव का शिनाख्त करने के बाद से लगातार परिजन हत्या का आरोप लगा रहे है। परिजनों का कहना है की फूलपुर पुलिस और जीआरपी हम लोगों को गुमराह कर रहा है। हत्या के चार दिन हो गए है और अभी जीआरपी कैंट जाने के बाद बताया जाता है की आपका घटना स्थल फूलपुर थाना क्षेत्र में पड़ता है आप वहा पर जाकर अपना मुकदमा दर्ज कराए। पीड़ित जब फूलपुर थाने पर जाता है तो उसे बताया जाता है की आपके भाई का शव रेलवे ट्रेक पर मिला है आप जीआरपी कैंट में जाकर अपना मुकदमा दर्ज कराए।

बतादेकी चोलापुर थाना क्षेत्र के बंतरी गांव निवासी महेंद्र चौबे पेशे से कोटेदार हैं। उनका दूसरा बेटा स्वतंत्र चौबे (30) ब्राह्मण सभा का जिलाध्यक्ष और भाजपा में पदाधिकारी था। बीते रविवार की रात 10 बजे किसी का फोन आने पर वह अपनी बाइक से शहर की तरफ निकला। इसके बाद उसका मोबाइल बंद हो गया। सोमवार की सुबह 11 बजे खालिसपुर रेलवे फाटक के पास शव मिला था। परिजन शव की शिनाख्त करने के बाद से ही हत्या का आरोप लगा रहे है। पीड़ित परिजन स्वतंत्र के बड़े भाई आदेश चौबे ने बताया की गोमती जोन के डीसीपी, एडीसीपी, एसीपी पिंडरा, एसओ फूलपुर व जीआरपी कैंट के प्रभारी हेमंत सिंह से मुकदमा दर्ज कराने को लेकर कई बार न्याय की गुहार लगा चुके है। फूलपुर थाने से कैंट जीआरपी भेज दिया जाता है और वहा पर पहुंचने पर फूलपुर थाने पर भेज दिया जा रहा है। जिससे हम लोग गुमराह हो चुके है।




## संक्षिप्त खबरें

### शव एक बार फिर ग्रामीणों में दिखा आक्रोश, पुलिस रही तनाव में



प्रखर पिंडरा वाराणसी। फूलपुर थाना क्षेत्र के बरही नेवादा गांव में 16 वर्षीय मुकेश कुमार की चाकू मारकर हत्या किए जाने के मामले गांव में तनाव को देखते हुए पीएसी के साथ पुलिस फोर्स तैनात कर दी गई है। वही अपराह्न 3 बजे शव के घर पहुचने पर माहौल और गमगीन हो गया। बताते चलें कि बरही नेवादा बाजार में मुर्गा खरीदने गए 16 वर्षीय किशोर की उसी गांव के आरिफ ने आपसी रंजिश में चाकू मारकर बुधवार को सायंकाल में हत्या कर दी गई। हत्या के बाद गांव में माहौल तनावपूर्ण हो गया था। उसको बाद पुलिस उच्चाधिकारियों के निर्देश चार थाने के पुलिस के साथ सुबह पीएसी भी गांव पहुच गई। वही घटना की सूचना पर विभिन्न राजनैतिक दलों के पहुँचने का क्रम भी जारी रहा। भाजपा के जिला उपाध्यक्ष पवन सिंह, भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष लवकुश साहनी, कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष राजीव कुमार उर्फ राजू व बसपा के कैलाश पाल के नेतृत्व में लोग मृतक के परिवार के घर पहुँचे और उसके पिता को सांत्वना दी। वही पुलिस प्रशासन को चेतावनी दी कि यदि 24 घण्टे के अंदर आरोपित नही पकड़े गए तो आंदोलन करेंगे। वही अपराह्न 3 बजे जब मुकेश का शव घर पहुचा तो माहौल गमगीन हो गया लोगों के आंखों में आँसू आ गए । मृतक के तीनों भाइयों और बहन का रो रो कर बुरा हाल था। सायं 4 बजे शवयात्रा निकली जिसमे काफी लोग शामिल हुए। वही चौकी इंचार्ज नंदलाल कुशवाहा शव यात्रा के समय मयफोर्स साथ साथ चल रहे थे। वही दूसरी तरफ पुलिस ने मृतक के भाई वीरेंद्र की तहरीर पर बरही नेवादा निवासी आरिफ और उसके दोस्त एजाज के खिलाफ 302 और एस सी व एस टी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपितों के तलाश में जुट गई है। इस बाबत फूलपुर थानाध्यक्ष दीपक कुमार राणावत ने बताया कि आरोपितों के लोकेशन मिल गयी है जल्द ही वह पुलिस के गिरफ्त में होंगे। वही सूत्रों के मुताबिक पुलिस पूछताछ के लिए आरोपित के घर वालो और उसके कुछ दोस्तों को हिरासत में ली है।

### भारत विकास परिषद श्रद्धा शाखा का हुआ समूह गान प्रतियोगिता बच्चों ने देशभक्ति के गीतों की दी प्रस्तुति



प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। भारत विकास परिषद श्रद्धा शाखा का समूह गान प्रतियोगिता का कार्यक्रम मुकुलारण्यम स्कूल में हुआ सर्वप्रथम मां भारती व विवेकानंद के चित्र पर पुष्प अर्पित करके शुरूआत हुआ इसमें स्कूलों की टीम के बीच बच्चों ने देशभक्ति के गीतों की प्रस्तुति दी` स्वागत संस्था के अध्यक्ष संजीव सिंह ने किया भारत विकास परिषद के जिला समन्वयक योगेश कुमार श्रीवास्तव ने भारत विकास परिषद की उद्देश्यों को बताया संचालन ऊषा लता सिंह ने किया । धन्यवाद संस्था की सचिव विनिता सिंह ने दिया इस मौके पर मुकुलारण्यम स्कूल के प्राचार्य राघवजी चतुवेर्दी राजेश सोनी , विनिता श्रीवास्तव, विवेक तिवारी , सुषमा सिंह,नीतू यादव , सरिता अग्रवाल उपस्थित थे। सभी बच्चों को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया एवं सभी निर्णायक मंडलों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

### जेआर चौधरी के हाथ, नगर मजिस्ट्रेट की कमान



प्रखर जौनपुर । संत कबीर नगर के मूल निवासी, 2015 बैच के पीसीएस अधिकारी जेआर चौधरी ने नगर मजिस्ट्रेट के रुप में कार्यभार संभाल लिया है । श्री चौधरी राजनीति विज्ञान में परास्नातक होने के साथ ही पीजीडीपीए एवं एलएलबी की शिक्षा प्राप्त किये हैं, बैंक एवं भारतीय रेलवे विभाग में सेवा दे चुके जेआर चौधरी सन 2015 बैच के पीसीएस अधिकारी के रुप में सेवा दे रहे हैं। श्री चौधरी इसके पूर्व शाहजहांपुर, गोरखपुर, महराजगंज, कुशीनगर, सिद्धार्थ नगर, फैजाबाद, प्रयागराज, जालौन, और मुरादाबाद जिले में सेवा दे चुके हैं। सरकार की मंशा के अनुरूप जनता की मूलभूत जरूरतों को ससमय पूरा करने को अपनी प्राथमिकता बताया। विदित हो कि सिटी मजिस्ट्रेट देवेन्द्र सिंह का प्रमोशन एडीएम ललितपुर हो जाने पर जेआर चौधरी को जौनपुर के नगर मजिस्ट्रेट का दायित्व मिला है ।

### उत्कृष्ट कार्य सम्पादन हेतु जेलर व डिप्टी जेलर को शासन ने किया सम्मानित



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। उ प्र शासन द्वारा संरक्षित व जेल मैनुअल अन्तर्गत कार्यरत उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक समिति लखनऊ के चेयरमैन डॉ उमेश शर्मा के निर्देशन में समिति के पदाधिकारियों ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिला कारागार पहुंचकर अधिकारियों व कर्मचारियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर जिला कारागार के जेलर, जेल अधीक्षक राकेश कुमार वर्मा तथा डिप्टी जेलर रविन्द्र सिंह यादव को उनके उत्कृष्ट कार्य सम्पादन हेतु अंगवस्त्रम तथा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना व्यक्त की। कार्यक्रम में समिति के प्रदेश विशेष सचिव मयंक सिंह, जोन सचिव डा ए के राय के साथ अहमद नवाज व रजत कुमार शामिल रहे।

### भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ अध्यक्ष ने कंपोजिट स्कूल को भेंट किया 6 सीलिंग फैन

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। गुरुवार को भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ जखनिया के व्यापारियों द्वारा जिला अध्यक्ष प्रमोद वर्मा के नेतृत्व में कंपोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय सब्जी मंडी जखनिया के प्रधानाध्यापक श्रीमती शीला सिंह को छः सीलिंग फैन भेंट किया गया। उक्त अवसर पर जिलाध्यक्ष प्रमोद वर्मा ने कहा की कंपोजिट विद्यालय में बिजली के खराबी के कारण कई पंखे जल गए थे, बच्चे भीषण गर्मी में पढ़ कर रहे थे, जिसकी सूचना जब हमें प्राप्त हुई तब तत्काल भीषण गर्मी को देखते हुए अपने सम्मानित व्यापारियों के सहयोग से विद्यालय के हर कमरे में पंखे का इंतजाम किया गया। वर्मा ने कहा यह विद्यालय बाजार के सेंट्रल में है।

समस्त जनपदवासियों एवं क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।
डॉ के के गुप्ता (विधानसभा 331तमकुहीराज)
संस्थापक व संरक्षक राष्ट्रीय युवा शक्ति संघ
kesumpharm120185@gmail.com
9839570828 https://keshavkumargupta.sbe.digital/Default.aspx

समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ. पंकज राय डेंटल सर्जन
PRIME DENTAL HOSPITAL
गोविंदनगर कालोनी, नियर जागृति हॉस्पिटल, तमकुहीराज, कुशीनगर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
प्रताप होमियोपैथिक हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेंटर
डा. अजय प्रताप यादव
एम०डी० (मेडिसिन) होमियोपैथ
पूर्व मेडिकल आफिसर (इलाहाबाद)
पूर्व चिकित्सक- लाल बहादुर शास्त्री होमियोपैथिक मेडिकल कॉलेज (इलाहाबाद)
डा. श्रीमती सीमा यादव
एम०डी० (मेडिसिन) होमियोपैथ
स्त्री एवं शिशु रोग विशेषज्ञ
बैठने का समय
प्रत्येक दिन प्रातः 9 बजे से रात्रि 8 बजे तक
Email: drapyadav40@gmail.com
हीरो एजेंसी के ठीक सामने NH-28 मेन रोड फाजिलनगर

समस्त जनपदवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
शेरू भाई (शेरा)
(बीडीसी सदस्य)
व्यापार मण्डल अध्यक्ष चन्दवक जौनपुर
ग्राम सभा- चन्दवक डोभी जौनपुर

समस्त जनपदवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
कमलेश पाण्डेय
वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता एवं प्रबंधक
लार्ड कृष्णा इंटरमीडिएट एवं पीजी कालेज भगतपुर पश्चिम फुलमनहा बृजमनगंज महाराजगंज

समस्त जनपदवासियों एवं क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।
15th AUGUST INDEPENDENCE DAY

समस्त जनपदवासियों एवं क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।
15th AUGUST INDEPENDENCE DAY

समस्त जनपदवासियों एवं क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।
15th AUGUST INDEPENDENCE DAY

समस्त जनपदवासियों एवं क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।
15th AUGUST INDEPENDENCE DAY


समस्त जनपदवासियों एवं क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।
सरजु प्रसाद भारती
ग्राम प्रधान- पड़री विशुन दयाल
तमकुही राज, कुशीनगर

समस्त जनपदवासियों एवं क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।
ignite CLASSES
HYBRID SCHOOL
ADMISSION OPEN
Free Demo Classes
7394003806, 9696003806

समस्त जनपदवासियों एवं क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।
हड्डी का अस्पताल एवं डिजिटल एक्स-रे
कृष्णा आर्थो केयर
नेशनल हाइवे ओवरब्रीज, पेट्रोल पम्प के पास तमकुहीराज, कुशीनगर

# शरीर में प्रदाह के 9 संकेत

## प्रदाहरोधी आहार हो सकता है मददगार



■ सिडनी, (द कन्वरसेशन)।

इस समय स्वास्थ्य संबंधी चर्चाओं में 'प्रदाह' शब्द का खूब इस्तेमाल हो रहा है। नई वैज्ञानिक खोजों से लेकर मशहूर हस्तियों और सोशल मीडिया इनफ्लूएंसरों तक, ऐसा लगता है जैसे हर कोई इस महत्वपूर्ण शारीरिक प्रक्रिया और हमारे स्वास्थ्य पर इसके संभावित प्रभाव के बारे में बात कर रहा है।

प्रदाह एक विशिष्ट शब्द है जिसे आपने भी सुना होगा। यह उम्र के साथ रक्त और ऊतकों में लगातार, निम्न-श्रेणी के प्रदाह में वृद्धि से संबंधित है, जो कई स्थितियों और बीमारियों के लिए एक मजबूत जोखिम कारक है। तो, क्या प्रदाहरोधी आहार प्रदाह को कम करने में मदद कर सकता है? चलिए एक नज़र डालते हैं।

इसके विपरीत, 'एंटी-इंफ्लेमेटरी' आहार शरीर में कम प्रदाह से जुड़ा होता है। कोई भी प्रदाह रोधी आहार नहीं है। दो अच्छी तरह से मान्यता प्राप्त, साक्ष्य-समर्थित उदाहरण हैं भूमध्यसागरीय आहार और उच्च रक्तचाप को रोकने के लिए आहार संबंधी दृष्टिकोण (डीएएसएच) ।

**प्रदाहरोधी आहार में आमतौर पर निम्नलिखित तत्व शामिल होते हैं:**

■ एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर। ये यौगिक शरीर को मुक्त कणों या अस्थिर अणुओं से लड़ने में मदद करते हैं, जो उच्च मात्रा में कैंसर और हृदय रोग जैसी बीमारियों से जुड़े होते हैं। एंटीऑक्सीडेंट का सेवन करने का सबसे अच्छा तरीका बहुत सारे फल और सब्जियां खाना है। शोध से पता चलता है कि जमे हुए, सूखे और डिब्बाबंद फल और सब्जियाँ ताज़ा जितनी ही अच्छी हो सकती हैं

■ 'स्वस्थ', असंतृप्त वसा अम्लों से भरपूर। मोनोअनसैचुरेटेड वसा और ओमेगा-3-फैटी एसिड मछली (सार्डिन, मैकेरल, सैल्मन और टूना), बीज, नट्स और पौधे-आधारित तेल (जैतून का तेल और अलसी का तेल) में पाए जाते हैं।

■ फाइबर और प्रीबायोटिक्स में उच्च। गाजर, फूलगोभी, ब्रोकोली और पत्तेदार सब्जियाँ फाइबर के अच्छे स्रोत हैं। प्रीबायोटिक्स हमारी आंतों में लाभकारी सूक्ष्मजीवों के विकास को बढावा देते हैं और प्याज, शतावरी, लहसुन, केले, दाल और फलियां से प्राप्त किए जा सकते हैं।

■ प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों में कम। इनमें परिष्कृत कार्बोहाइड्रेट (पेस्ट्री, पाई, पेय, तले हुए खाद्य पदार्थ और प्रसंस्कृत मांस) होते हैं।

■ रूमेटाइड गठिया, मनोभ्रंश, अवसाद रुमेटाइड गठिया दर्द प्रबंधन में प्रदाहरोधी आहार की भूमिका के मिश्रित प्रमाण हैं। हाल ही में एक समीक्षा में पाया गया कि प्रदाह-रोधी आहार खाने से अन्य आहारों की तुलना में रुमेटाइड गठिया वाले लोगों में दर्द काफी कम हो जाता है।



■ प्रदाह को मानसिक स्वास्थ्य से भी जोड़ा गया है, प्रदाह-रोधी आहार खाने वाले लोगों में अवसाद के अधिक लक्षण पाए जाते हैं। चिंता और मानसिक स्वास्थ्य के प्रबंधन के लिए आहार जीवनशैली दृष्टिकोण का मूल तत्व है।

**हल्दी के बारे में क्या?**

■ सोशल मीडिया पर हल्दी को प्रदाह-रोधी गुणों के कारण प्रचारित किया जाता है। ये करक्यूमिन नामक एक विशिष्ट यौगिक के कारण होता है, जो हल्दी को उसका विशिष्ट पीला रंग देता है।

■ शोध से पता चलता है कि करक्यूमिन शरीर में प्रदाह-रोधी एजेंट के रूप में कार्य कर सकता है लेकिन मनुष्यों में उच्च गुणवत्ता वाले नैदानिक परीक्षणों की कमी है। इसलिए यह स्पष्ट नहीं है कि प्रदाह-रोधी लाभ देखने के लिए कितनी मात्रा में करक्यूमिन की आवश्यकता होती है या हम इसे कितनी अच्छी तरह अवशोषित करते हैं। कुल मिलाकर, अपने भोजन में हल्दी शामिल करने से आपके शरीर को कुछ स्वास्थ्य लाभ मिल सकते हैं।

■ सुरक्षित खान-पान आहार और कई स्वास्थ्य स्थितियों के बीच संबंध में प्रदाह एक प्रमुख कारक है। प्रदाह-रोधी आहार खाना सुरक्षित माना जाता है, जिससे स्वास्थ्य को मदद मिलती है और भविष्य में होने वाली बीमारियों की आशंका को रोका जा सकता है। यदि आप विशिष्ट आहार संबंधी सलाह या प्रदाह-रोधी भोजन योजना की तलाश में हैं, तो किसी मान्यता प्राप्त आहार विशेषज्ञ से बात करना सबसे अच्छा उपाय है।

### प्रदाह क्या है?

जब हमारा शरीर घायल होता है या किसी संक्रमण का सामना करता है, तो यह खुद की सुरक्षा के लिए अपने रक्षा तंत्र को सक्रिय कर देता है। यह हमारी कोशिकाओं को आक्रमणकारी संभावित दिक्कतों से लड़ने का निर्देश देकर ऐसा करता है। लड़ने की यह प्रक्रिया प्रदाह का कारण बनती है, जो अक्सर सूजन, लालिमा और दर्द के रूप में सामने आती है। प्रदाह एक संकेत है कि आपका शरीर ठीक हो रहा है, चाहे वह घुटने की चोट से हो या सर्दी से।

यदि सूजन लंबे समय तक बनी रहती है तो इसे 'क्रोनिक' कहा जाता है। यह गठिया, हृदय रोग, मधुमेह, मनोभ्रंश या अन्य ऑटोइम्यून विकारों जैसी स्वास्थ्य समस्या का संकेत हो सकता है।

पुरानी सूजन के लक्षण कई महीनों से लेकर वर्षों तक मौजूद रह सकते हैं और इसमें शामिल हैं:

**लगातार दर्द :** अत्यधिक थकान या अनिद्रा, जोड़ो का अकड़ जाना, त्वचा संबंधी समस्याएं, उच्च रक्त मार्कर (जैसे सी-रिएक्टिव प्रोटीन) पेट और आंतों से जुड़ी समस्याएं (कब्ज, दस्त, एसिड रिफलक्स) अवसाद, चिंता और मनोदशा संबंधी विकार अनपेक्षित वजन बढ़ना या घटना बार-बार सर्दी या फ्लू होना।

**आहार क्या भूमिका निभाता है?**

भोजन और प्रदाह के बीच का संबंध सर्वविदित है। कुल मिलाकर, कुछ खाद्य घटक प्रो-इंफ्लेमेटरी साइटोकिन्स का उत्पादन करके या एंटी-इंफ्लेमेटरी साइटोकिन्स के उत्पादन को कम करके प्रतिरक्षा प्रणाली को सक्रिय कर सकते हैं।

लंबे समय तक 'प्रो-इंफ्लेमेटरी आहार' शरीर में प्रदाह बढ़ा सकता है। इस तरह के आहार में आम तौर पर फलों, सब्जियों और साबुत अनाज जैसी ताजी उपज की मात्रा कम होती है, और व्यावसायिक रूप से पके हुए सामान, तले हुए खाद्य पदार्थ, अतिरिक्त शर्करा और लाल तथा प्रसंस्कृत मांस की मात्रा अधिक होती है।

## दुर्भावनापूर्ण लिंक साइबर हमले के खतरे में शीर्ष पर



■ नई दिल्ली, (आईएएनएस)।

हैकर्स धोखाधड़ी की शीर्ष रणनीति के रूप में दुर्भावनापूर्ण लिंक का उपयोग करते हैं, जिसमें 35.6 प्रतिशत धमकियां होती हैं।हैकर्स इस बारे में अधिक रचनात्मक हो रहे हैं कि लोगों को खराब लिंक पर क्लिक करने के लिए कैसे प्रेरित करना है। बुधवार को जारी एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। साइबर सुरक्षा कंपनी क्लाउडफ्लेयर के अनुसार, पहचान संबंधी धोखाधड़ी भी बढ़ रही है। मई 2022 और मई 2023 के बीच इस तरह के 3.96 करोड़ खतरों का पता चला है। निष्कर्षों से पता चला कि हमलावर मुख्य रूप से उन ब्रांडों और संस्थाओं का प्रतिरूपण करते हैं जिन पर हम भरोसा करते हैं। अधिकांश (60.1 प्रतिशत) मामलों में हमलावर सिर्फ 25 संगठनों के रूप में खुद को पेश करते हैं - जिनमें माइक्रोसॉफ्ट, गूगल, सेल्सफोर्स और अमेज़न शामिल हैं। एक अरब से अधिक ब्रांड प्रतिरूपण प्रयासों में हमलावरों ने 1,000 से अधिक विभिन्न संगठनों के रूप में खुद को प्रस्तुत किया।

अधिकांश समय (51.7 प्रतिशत) उन्होंने 20 प्रसिद्ध ब्रांडों में से एक का प्रतिरूपण किया। ईमेल ऑथेंटिकेशन प्रमाणीकरण भी हमलावरों को सफल होने से नहीं रोकता है क्योंकि अधिकांश (89 प्रतिशत) अवांछित संदेश ईमेल ऑथेंटिकेशन को पास कर जाते हैं। रिपोर्ट के लिए, टीम ने 27.9 करोड़ से अधिक ईमेल खतरों का पता लगाने के लिए 25 करोड़ दुर्भावनापूर्ण संदेशों और ब्रांड प्रतिरूपण के एक अरब से अधिक उदाहरणों को देखा। क्लाउडफ्लेयर के सीईओ मैथ्यू प्रिंस ने कहा, फ़िशिंग एक महामारी है जो इंटरनेट के हर कोने में फैल गई है। यह सीईओ से लेकर सरकारी अधिकारियों और रोजमर्रा के उपभोक्ता तक सभी को शिकार बना रही है। पाए गए खतरों में से एक-तिहाई (30 प्रतिशत) में नए पंजीकृत डोमेन शामिल थे। बिजनेस ईमेल में सेंध (बीईसी) के कारण घाटा 50 अरब डॉलर से ऊपर हो गया है। कॉर्पोरेट संगठन इसके एकमात्र पीड़ित नहीं हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि फ़िशिंग का वास्तविक प्रभाव फॉर्च्यून 500 और वैश्विक कंपनियों से परे, छोटे और स्थानीय संगठनों के साथ-साथ सार्वजनिक क्षेत्र तक भी फैला हुआ है।

## इस्राइल में भारत यहूदी सांस्कृतिक चौक का उदघाटन

ईलात (भाषा)। भारत के 77वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर इस्राइल के ईलात शहर में भारतीय-यहूदी सांस्कृतिक चौक का उद्घाटन किया गया जो दोनों देशों के बीच सदियों की साझा विरासत और मूल्यों पर विकसित सभ्यतागत जुड़ाव को समर्पित है। ईलात के मेयर एली लांकरी ने चौक का उद्घाटन करने के बाद कहा कि यह चौक भारत और इस्राइल के बीच प्रेम, मित्रता, परस्पर देखभाल और गहरे जुड़व का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि यह भारतीय-यहूदी समुदाय और ईलात शहर के बीच संबंध को भी दर्शाता है।

इस चौक की दीवार पर एक संदेश लिखा है, 'भारत-इस्राइल की मित्रता दोनों देशों के बीच विश्वास और मैत्री के सभ्यतागत जुड़ाव का प्रमाण है जो सदियों की साझा विरासत, मूल्यों और उनके लोगों की आकांक्षाओं की नींव पर बना है।' इसमें कहा गया है, यह मित्रता भारत और इस्राइल की पीढ़ियों को प्रेरित करे....।

चौक की दीवार के दोनों छोर पर भारत और इस्राइल के ध्वज लगाए गए हैं और दीवार के एक ओर महाराष्ट्र क्षेत्र के 'बेने इस्रायल' समुदाय के 'मलिदा' समारोह के प्रतीक की चित्रकारी है। भारतीय-यहूदी समुदाय की परंपराओं को ध्यान में रखते हुए 'मलिदा' को अब आधिकारिक राष्ट्रीय अवकाश के रूप में मान्यता दी गयी है। ऐसी मान्यता है कि समुदाय के पूर्वज 175 बीसीई (वर्तमान युग से पहले) तु-बश्वत के मौके पर भारत पहुंचे थे। कहा जाता है कि उनका जहाज भारत के तट से दूर डूब गया था लेकिन सात पुरुषों और कई महिलाओं को बचा लिया गया था।

## सिल्वर स्क्रीन पर अच्छे कंटेंट की कमी : केके

मुंबई, (आईएएनएस)। मशहूर एक्टर के के मेनन का मानना है कि बड़े पर्दे पर अच्छे सिनेमा की कमी है और ओटीटी की वजह से दर्शक अच्छा कंटेंट देख पा रहे हैं। मेनन जल्द ही फिल्म 'लव ऑल' में नजर आएंगे जिसके जरिए बैडमिंटन खेल को पहली बार बड़े पर्दे पर दिखाया जाएगा। उन्होंने कहा,सिल्वर स्क्रीन पर अच्छे सिनेमा की कमी है। कई ओटीटी चैनलों की वजह से दर्शक अब अच्छा कंटेंट देख पाते हैं। यह पहली बार है कि बैडमिंटन को एक खेल के रूप में किसी फिल्म में दिखाया गया है। बच्चों के जीवन में खेलों के महत्व के बारे में साझा करते हुए उन्होंने कहा, मेरा मानना है कि बच्चों को खुला मैदान मिलना चाहिए। आउटडोर उनके जीवन के लिए जरूरी है। आज बच्चे अपने इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस में बिजी हैं और यह बुरा लगता है कि उन्हें बाहर खेलना पसंद नहीं है।



## न्यूयॉर्क में कोणार्क सूर्य मंदिर के चक्र की प्रतिकृति का अनावरण

■ न्यूयॉर्क (भाषा) ।

भारत के 77वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ऐतिहासिक 'टाइम्स स्क्वायर' के तिरंगे के रंग से जगमग होने के साथ ही यहां प्रसिद्ध कोणार्क सूर्य मंदिर के चक्र की 1,800 किलोग्राम वजनी प्रतिकृति का अनावरण किया गया।भारतीय-अमेरिकी समुदाय के सदस्य बड़ी संख्या में मंगलवार को भारत के स्वतंत्रता दिवस का जश्न मनाने के लिए न्यूयॉर्क शहर के ऐतिहासिक स्थल पर उमड़े। न्यूयॉर्क में भारत के महावाणिज्यदूत रणधीर जायसवाल ने 'भारत माता की जय', 'वंदे मातरम' और 'जय हिंद' के नारों तथा देशभक्ति गीतों के बीच टाइम्स स्क्वायर पर तिरंगा फहराया। इस अवसर पर एकत्रित लोगों ने भारत और अमेरिका के ध्वज लहराए।



ध्वजारोहण समारोह भारतीय प्रवासी समुदाय के प्रमुख संगठन 'फेडरेशन ऑफ इंडियन एसोसिएशन' (एफआईए) ने आयोजित किया और इसमें सरोद वादक उस्ताद अमजद अली खान, मिशलिन स्टार शेफ (खानसामा) विकास खन्ना, एफआईए प्रमुख अंकुर वैद्य, एफआईए अध्यक्ष केनी देसाई और अन्य अधिकारियों के साथ 'इंडो-अमेरिकन आर्ट्स काउंसिल' (आईएएसी) बोर्ड सदस्य अनिल बंसल और राजीव कौल तथा उपाध्यक्ष राकेश कौल शामिल हुए।

इस मौके पर खन्ना ने खासतौर से निर्मित एक चक्र प्रतिकृति का अनावरण किया जो 'भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और दोनों देशों के बीच साझा मूल्यों का प्रतीक है।' जायसवाल ने कहा, 'हम भारत के 77वें स्वतंत्रता दिवस का जश्न मनाने के लिए कोणार्क के चक्र को न्यूयॉर्क शहर के केंद्र में स्थापित कर सम्मानित महसूस कर रहे हैं। यह चक्र भारत की विरासत, विचार और शाश्वत विवेक का चमकता प्रतीक है। टाइम्स स्क्वायर पर चक्र का प्रदर्शन कर हमने न केवल भारत की समृद्ध संस्कृति का बल्कि हमारे दोनों देशों अमेरिका और भारत को जोड़ने वाली स्थायी मित्रता का भी जश्न मनाया।'

उन्होंने कहा, 'सूर्य या सूर्य देवता को समर्पित कोणार्क मंदिर में सुशोभित 24 चक्र में से एक चक्र की यह प्रतिकृति भारत के इतिहास, लचीलेपन और एकता का सार है। यह सूर्य एवं प्रकृति के प्रति हमारी गहरी श्रद्धा का भी प्रतीक है।'

करीब पांच वर्षों से चक्र प्रतिकृति को न्यूयॉर्क शहर में स्थापित करने पर काम कर रहे खन्ना ने कहा कि यह 'एक सपने का साकार होना' है और टाइम्स स्क्वायर पर खासतौर से भारत के स्वतंत्रता दिवस पर मूर्तिकला का अनावरण करना उनके लिए भावुक क्षण है। खन्ना ने विशाल चक्र के सामने खड़े होकर कहा, 'इसे देवताओं ने बनाया था।'

## 'गदर 2' 200 करोड़ के क्लब में

मुंबई, (वार्ता) बॉलीवुड अभिनेता सनी देओल और अभिनेत्री अमीषा पटेल की फिल्म गदर 2 भी 200 करोड़ क्लब में शामिल हो गयी है। अनिल शर्मा के निर्देशन में बनी फिल्म 'गदर: एक प्रेम कथा' वर्ष 2001 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में सनी देओल ,अमीष पटेल और अमरीश




पुरी ने अहम भूमिका निभायी थी।'गदर: एक प्रेम कथा'के सीक्वल गदर 2 में एक बार फिर से सनी और अमीषा की जोड़ी है। 'गदर 2' 11 अगस्त को सिनेमाघरों में प्रदर्शित हुयी है।'गदर 2'ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा दिया है।'गदर 2' को पहले दिन से ही ऑडियंस का जबरदस्त रिस्पॉन्स मिल रहा है। इसी के साथ ये फिल्म कमाई के मामले में लगातार रिकॉर्ड तोड़ रही है।'गदर 2'को रिलीज हुए 5 दिन पूरे हो गए है। इस फिल्म ने 5वें दिन बॉक्स ऑफिस पर 200 करोड़ का आंकड़ा पार कर दिया है। सनी देओल और अमीषा पटेल की फिल्म'गदर 2'ने बॉक्स ऑफिस पर पांच दिनों में 228.98 करोड़ रुपये की कमाई कर ली है।'गदर 2 ,में सनी और अमीषा के साथ उत्कर्ष शर्मा, मनीष वाधवा, सिमरत कौर, लव सिन्हा की महत्वपूर्ण भूमिका है।

## मणिपुर अशांति की दवा सिर्फ संगीत : कुकी, मेइती कलाकार



■ कोलकाता (भाषा)।

मणिपुर हिंसा में शामिल दोनों समुदायों से जुड़े संगीतकारों ने माइकल जैक्सन के प्रसिद्ध गीत 'मुझे अच्छे संगीत से प्यार है, इसका कोई रंग नहीं, इसकी कोई सीमा नहीं' का जिक्र किया और कहा कि अशांति के इस माहौल को समाप्त करने में संगीत जादू सा असर डाल सकता है।

कुकी और मेइती दोनों समुदाय के संगीतकारों ने कहा कि मतभेदों को दूर करने में अभी भी देर नहीं हुई है और संगीत सबसे बेहतर मरहम का काम कर सकता है। कुकी समुदाय के प्रसिद्ध गायक डोन्नी ने फोन पर कहा, 'एक संगीतकार होने के नाते, हम सभी काफी अच्छा वक्त बिताते हैं। हम दूसरे समुदाय के लोगों से मिलते हैं और उनकी अद्भुत संगीत शैली को सुनकर हमारे संबंध बनते हैं। हम अक्सर एक-दूसरे के साथ बैठकर बात करते हैं और अपनी-अपनी जिंदगियों में क्या चल रहा है उसके बारे में जानते हैं।'

डोन्नी ने कहा, 'इन हालात की शुरुआत से पहले, हम मणिपुर के संगीत प्रेम को नई ऊंचाईयों पर ले जाना चाहते थे, जहां हर सप्ताह कोई न कोई समारोह होता रहता था। मेरा निजी तौर पर मानना है कि जब तक हिंसा नहीं भड़की थी तब तक महत्वाकांक्षी संगीतकार संगीत को एक मुख्य करियर विकल्प के रूप में ले रहे थे।'

प्रसिद्ध 'ड्रमर' और मेइती समुदाय के संगीतकार मोमो लैशराम भी यह मानते हैं कि घावों को भरने में संगीत एक दवा के रूप में काम कर सकता है। इंफाल से उन्होंने फोन पर बताया, 'मौजूदा हालात अभी भी अस्थिर हैं। लेकिन अगर कोई चीज है, जो राज्य में शांति को बहाल कर सकती है तो वह है संगीत।'

उन्होंने कहा, 'संगीतकार होने के नाते हम सिर्फ यही जानते हैं कि कैसे संगीत के माध्यम से लोगों के दिलों को छुआ जाए। फिलहाल हम विस्थापित लोगों की मदद के लिए चंदा इकट्ठा करने के लिए कुछ इलाकों में संगीत कार्यक्रमों में गा-बजा रहे हैं। यही चीज है, जो हम कर सकते हैं।' डोन्नी ने कहा, 'मुझे उम्मीद है कि शांति बहाल होगी और मैं फिर से संगीत कार्यक्रमों की गूंज सुन सकूंगा।'

## भाषाओं को भी खत्म कर रहा जलवायु परिवर्तन

■ मेलबर्न

अमेरिका के वॉशिंगटन राज्य के केलर में रहने वाली पॉलिन स्टेन्सगर का दो मई 2023 में 96 वर्ष की उम्र में निधन हो गया और उनके साथ उनकी भाषा भी खत्म हो गई। स्पोकाने के स्पोक्समैन रिव्यू में प्रकाशित खबर के मुताबिक, पॉलिन 'इन-हा- उम-चीन' भाषा बोलने वाली अंतिम व्यक्ति थीं। वॉशिंगटन राज्य क्षेत्र में अमेरिका के रहने वाले कुछ समूह इस भाषा में बात किया करते थे। पॉलिन के अपनी भाषा के प्रति प्यार को धन्यवाद, जिसकी वजह से हम इस भाषा से पूरी तरह अनजान नहीं हैं।

सैलिश स्कूल ऑफ स्पोकाने के प्रधानाचार्य क्रिस्टोफर पार्किन ने बताया कि पॉलिन स्टेन्सगर ने छह पाठ्यपुस्तकों की रचना की और उनके पास भाषा की 100 से ज्यादा रिकॉर्डिंग हैं। अगर कोई भी 'इन-हा-उम-चीन' सीखना चाहता है तो वह इनसे सीख सकता है। लेकिन कुछ विलुप्त भाषाएं, 'इन-हा-उम-चीन' जितनी भाग्यशाली नहीं हैं। हम इन्हें हमेशा के लिए खो सकते हैं।

दुनिया के कुछ हिस्से भाषाओं के संदर्भ में समृद्ध हैं लेकिन वहां लाखों लोग पर्यावरणीय आपदाओं के चलते विस्थापित होने के लिए मजबूर हैं, जो भाषाओं के विलुप्त होने का एक प्रमुख कारण है। दुनियाभर में आज सात हजार से अधिक भाषाएं बोली जाती हैं, जिनका इतिहास है और इन्हें बोलने वालों के पास इनका ज्ञान भंडार है। जब इन भाषाओं को बोलने वाले लोग अपने बच्चों को ही यह भाषाएं नहीं सिखाएंगे तो हम इन भाषाओं को खो देंगे। ऐसा अक्सर तब होता है जब कम प्रचलित भाषा बोलने वाले लोग आर्थिक रूप से अधिक लाभप्रद भाषाओं को अपना लेते हैं।




**दुनिया के कुछ हिस्से भाषाओं के संदर्भ में समृद्ध हैं लेकिन वहां लाखों लोग पर्यावरणीय आपदाओं के चलते विस्थापित होने के लिए मजबूर हैं, जो भाषाओं के विलुप्त होने का एक प्रमुख कारण है**

इसमें कहीं न कहीं प्रवास ने एक अहम भूमिका निभाई है। उदाहरण के लिए अमेरिका में दूसरी पीढ़ी के अधिकतर आप्रवासी धाराप्रवाह अंग्रेजी बोलते हैं जबकि उनके माता-पिता की भाषा अंग्रेजी नहीं थी। उनके माता-पिता की भाषा के बजाय अंग्रेजी आर्थिक और सांस्कृतिक रूप से अधिक लाभकारी है।

वर्ष 2021 में अमेरिका में 98 प्रतिशत स्वदेशी भाषाएं और ऑस्ट्रेलिया में 89 प्रतिशत स्वदेशी भाषाएं विल्पुत होने की कगार पर थीं। दोनों ही देशों का औपनिवेशिक इतिहास रहा है और पिछली शताब्दियों में यूरोप से बड़े पैमाने पर लोग यहां आकर बसे हैं। इसलिए आज का प्रवास संभवतः कल की भाषा को नुकसान पहुंचाएगा।

## हिप हिप हुर्रे को लेकर असमंजस में थे पूरब कोहली

मुंबई,आईएएनएस)। 1998 के टीवी शो 'हिप हिप हुर्रे' से डेब्यू करने वाले एक्टर पूरब कोहली ने कहा कि इस शो को करने से पहले वह काफी उलझन में थे और इस शो को नहीं करना चाहते थे। एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में पूरब का सफर बेहद सराहनीय रहा है। टीवी शो से लेकर वीजे, फिल्मों और अब ओटीटी तक, उन्होंने सभी प्लेटफॉर्म्स पर अपने हुनर का डंका बजाया है। एक्टर को आखिरी बार फिल्म 'ब्लाइंड' में देखा गया था, जिसका प्रीमियर 7 जुलाई को जियो सिनेमा पर हुआ था। फिल्म में सोनम कपूर और विनय पाठक भी थे।



# जल, थल, नभ में शान से लहराया तिरंगा

## हर शहर, हर गांव के गली कूचों तक में दिखा राष्ट्रभक्ति का जज्बा



दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ध्वजारोहण कर देश को संबोधित किया



नई दिल्ली। देशभर में स्वतंत्रता दिवस की धूमधाम रही। देश की राजधानी दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ध्वजारोहण कर देश को संबोधित किया। आजादी का जश्न हर राज्य की राजधानी से लेकर हर शहर, गांव के गली कूचों तक में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा शान से लहरा कर मनाया गया। इस दौरान लोगों ने देश के जांबाज सैनिकों और स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के प्रति कृतज्ञता जाहिर की। राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 77वां स्वतंत्रता दिवस रंगारंग और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ मनाया गया, मुख्यमंत्रियों ने नई विकास और रोजगार योजनाओं की घोषणा की।



वाघा बॉर्डर पर लगे 'भारत माता की जय' के नारे।





### जम्मू-कश्मीर की फिजां बदली-बदली नजर आई

जम्मू-कश्मीर में कई दशकों के बाद स्वतंत्रता दिवस समारोह की फिजा बदली-बदली नजर आई। परेड देखने के लिए हजारों कश्मीरी श्रीनगर के बख्शी स्टेडियम में एकत्र हुए। यहां एलजी मनोज सिन्हा ने मार्च पास्ट की सलामी ली और "आतंकवाद के ताबूत में आखिरी कील ठोंकने की सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। इससे पहले 15 अगस्त और 26 जनवरी के मौके पर इंटरनेट बंद कर दिया जाता था। काफी प्रतिबंध लगाए जाते थे। हालांकि, इस साल स्थिति अलग थी। किसी भी तरह की पाबंदी नहीं थी। शहर के लोग के लिए यह एक सुखद आश्चर्य था।

## खबर संक्षेप

### अशोक विवि के एक और प्रोफेसर ने दिया इस्तीफा



नई दिल्ली। अशोक विश्वविद्यालय के सहायक प्रोफेसर सब्यसाची दास के इस्तीफा देने के कुछ दिन बाद अर्थशास्त्र विभाग के एक अन्य प्रोफेसर पुलाप्रे बालाकृष्णन ने भी अपना इस्तीफा दे दिया है। दास ने अपने शोध पत्र पर हुए विवाद के बाद इस्तीफा दे दिया था। दास के सहयोगियों ने शासी निकाय को पत्र लिखकर चेतावनी दी है कि अगर उन्हें (दास) बहाली की पेशकश नहीं की गई तो वे सामूहिक रूप से विश्वविद्यालय छोड़ देंगे।

### विधायक नीरज को धमकाने वाले दो पकड़ाए

फरीदाबाद। कांग्रेस विधायक नीरज शर्मा और उनकी मां को जान से मारने की धमकी देने के आरोप में यहां एक दूध डेयरी संचालक और उसके कर्मचारी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि फरीदाबाद से कांग्रेस विधायक शर्मा ने इस संबंध में सारन पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। फरीदाबाद पुलिस ने दो घंटे के भीतर बंसीलाल व उसके कर्मचारी दिनेश को गिरफ्तार कर लिया।

### अवैध संबंध का झूठा आरोप जीवनसाथी के साथ क्रूरता

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने एक मामले की सुनवाई के दौरान कहा कि अवैध संबंध का झूठा आरोप निश्चित रूप से क्रूरता है जो प्रतिबंबित करता है कि पति-पत्नी के रिश्तों में भरोसा और निष्ठा खत्म हो चुकी है जिसके बिना वैवाहिक संबंध जारी नहीं रह सकते। उच्च न्यायालय ने इसी के साथ एक व्यक्ति को पत्नी द्वारा घोर मानसिक उत्पीड़न करने के आधार पर परिवार अदालत द्वारा दिए गए तलाक के फैसले को बरकरार रखा।



### स्वतंत्रता दिवस पर काला झंडा लेकर घूमते तीन छात्र गिरफ्तार

पीलीभीत। पीलीभीत के कोतवाली इलाके में मंगलवार को स्वतंत्रता दिवस पर कथित रूप से काला झंडा लेकर घूमने वाले एक निजी स्कूल के तीन छात्रों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस पर काला झंडा लहराते हुए बाइक पर घूम रहे तीन छात्रों का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद यह कार्रवाई हुई है।

दोनों राज्यों में हो रही बादल फटने और भूस्खलन की घटनाएं, सड़क संपर्क टूटा

# हिमाचल व उत्तराखंड में बारिश का कहर अब तक 80 की मौत, हेलीकॉप्टर से रेस्क्यू



हिमाचल प्रदेश में कुदरत का कहर जमकर बरपा है। लगातर तेज बारिश की वजह से दोनों राज्यों में बादल फटने व लैंडस्लाइड की घटनाएं हो रहीं हैं, जो अब भी बदस्तूर जारी हैं। उधर, उत्तराखंड में रुद्रप्रयाग के मध्यमहेश्वर धाम और हाइवे के बीच एक पुल टूट जाने के कारण मंगलवार को दर्शन करने आए 20-25 श्रद्धालु फंस गए थे। धाम में लैंडिंग की जगह नहीं थी, तब 7 से ज्यादा स्थानीय महिलाओं ने कुछ घंटो में जमीन खोदकर समतल कर हेलिपैड तैयार कर दिया तब जाकर फंसे लोगों को रेस्क्यू किया गया।

## अगले 24 घंटों में यहां तेज बारिश का अलर्ट

एजेंसी ▶▶ शिमला

दोनों पहाड़ी राज्यों में भारी बारिश व भूस्खलन की वजह से राज्य में कई इमारत जमींदोज हो गई है। तेज बारिश और लैंडस्लाइड की वजह से 48 घंटे में 80 से ज्यादा लोगों की मौत हुई है। इस आपदा से राज्य में अब तक 10 हजार करोड़ रुपये के नुकसान होने की आशंका है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों में यहां तेज बारिश का अलर्ट जारी किया है। हिमाचल प्रदेश में कई स्थानों पर भूस्खलन के कारण मकान ढहने से घायल हुए लोगों को बचाने और मलबे में दफन शवों को निकालने का अभियान जारी है।



### मलबे से अब तक निकले 19 शव

हिमाचल प्रदेश में बचावकर्मियों ने मलबे से 3 शव बरामद किए। शिमला में ढहे शिव मंदिर के मलबे से एक शव निकाला गया, जबकि कृष्णानगर में हुए ताजा भूस्खलन में 2 लोगों की मौत हो गई। कृष्णानगर इलाके में भूस्खलन के बाद 2 अस्थायी सहित कम से कम 8 घर ढह गए। सोमवार से अब तक कुल 19 शव बरामद किए गए हैं, जिनमें से 12 समर हिल, 5 फागली और 2 कृष्णानगर इलाके से बरामद हुए।

### सीएम सुक्खु ने लिया स्थिति का जायजा

हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने राज्य में मौजूदा स्थिति को लेकर समीक्षा की। उन्होंने कहा कि अवरूद्ध बहाली कार्यों में और तेजी लाना प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को बारिश से प्रभावित बिजली और जलापूर्ति योजनाओं को तेजी से बहाल करने के निर्देश दिए हैं।

### उत्तराखंड में अब तक 6 की मौत

उत्तराखंड में बारिश से संबंधित घटनाओं में मरने वाले की संख्या बढ़कर 6 हो गई है। एसडीआरएफ ने 2 और शव बरामद किये है, जबकि अभी भी 7 लोग लापता हैं। देहरादून आपदा कंट्रोल रूम के अनुसार, उत्तरकाशी और ऋषिकेश में एसडीआरएफ टीम ने एक लापता महिला और एक लड़की का शव बरामद किया है,

### जोशीमठ के हेलंग में बारिश से ढही इमारत

मंगलवार को चमोली जिले के भूस्खलन प्रभावित जोशीमठ के पास हेलंग में एक इमारत ढह जाने के बाद 3 लोगों को बचाया गया। कुछ अन्य लोगों के मलबे में फंसे होने की आशंका है। जिला सूचना अधिकारी रवींद्र नेगी ने बताया कि बचाए गए लोगों को अस्पताल ले जाया गया। बचाव दल फंसे अन्य लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने की कोशिश कर रहे हैं।

### शिमला में राहत और बचाव कार्य जारी

हिमाचल प्रदेश में हो रही लगातार बारिश के चलते सोमवार रात को राहत और बचाव अभियान को रोक दिया गया था। शिमला के उपायुक्त आदित्य नेगी ने बताया कि भारतीय सेना, एनडीआरएफ, राज्य पुलिस और एसडीआरएफ के साथ मिलकर सुबह करीब 6 बजे समर हिल में बचाव अभियान फिर से शुरू किया गया। उन्होंने कहा कि भूस्खलन के कारण अभी भी मलबे में कई लोगों के दबे होने की आशंका है।

### अगले 24 घंटे में यहां होगी भारी बारिश

यहां भारी बारिश होगीः हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश, सिक्किम, असम, अरुणाचल प्रदेश, नगालैंड, त्रिपुरा, मिजोरम, सिक्किम, ओडिशा, छत्तीसगढ़, मेघालय। झारखंड में मध्यम बारिश होगी

दो दिन चली बैठक के बाद लद्दाख पर बड़ा फैसला

# भारत की दो टूक- चीनी सैनिक एलएसी से दूर ही रहें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर जारी तनाव के बीच भारत और चीन के बीच कोर कमांडर लेवल की 19वें राउंड की बैठक हुई है। ये बैठक भारतीय सीमा पर चुशुल-मोल्डो में आयोजित की गई। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच पश्चिमी क्षेत्र में एलएसी पर शेष मुद्दों के समाधान पर सकारात्मक और लंबी चर्चा हुई। दोनों देशों ने खुले और दूरदर्शी तरीके से विचारों का आदान-प्रदान किया और शांति बनाए रखने पर जोर दिया है। इस दौरान भारत ने लद्दाख मामले पर अपना रुख साफ करते हुए कहा कि चीन अगर सही में शांति चाहता है तो वह वास्तविक नियंत्रण से दूर ही रहे।

बता दें कि दोनों देशों के बीच साढ़े तीन साल से बॉर्डर पर गतिरोध देखने को मिल रहा है। इसी सैन्य गतिरोध का हल निकालने के लिए बैठकें आयोजित की जा रही हैं। वार्ता के समापन के एक दिन बाद मंगलवार को संयुक्त बयान जारी किया गया है। दोनों पक्षों ने शेष मुद्दों को शीघ्र हल करने और सैन्य और राजनयिक चैनलों के जरिए बातचीत को बनाए रखने पर सहमति जताई है। दोनों पक्ष सीमावर्ती क्षेत्रों में जमीनी स्तर पर शांति बनाए रखने पर भी सहमत हुए हैं।



### भारतीय स्वतंत्रता दिवस की मिठाई खिलाई

बैठक के बीच भारत के स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर भारतीय सेना और पीएलए सैनिकों के बीच मिठाइयों का आदान-प्रदान किया गया। स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस जैसे अवसरों पर दोनों सेनाओं के बीच मिठाइयों का आदान-प्रदान पिछले कई वर्षों से एक परंपरा रही है।

### ब्रिक्स समिट में मोदी-जिनपिंग लेंगे हिस्सा'

बताते चलें कि यह सैन्य वार्ता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ब्रिक्स (ब्राजील-रूस-भारत-चीन-दक्षिण) के शिखर सम्मेलन में शामिल होने से ठीक एक हफ्ते पहले हुई। दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में होने वाली ब्रिक्स समिट में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग भी हिस्सा लेंगे। वहां दोनों देशों के राष्ट्राध्यक्ष की मुलाकात भी होगी।

### भारत ने चीनी सैनिकों की वापसी पर दबाव डाला

बैठक में भारत ने देपसांग और डेमचोक समेत अन्य टकराव वाले पॉइंट से सैनिकों की जल्द वापसी को लेकर चीन पर दबाव डाला। बैठक में क्षेत्र में समग्र तनाव को कम करने पर भी चर्चा हुई। जानकारों ने बताया कि यह पहली बार है कि सीमा विवाद पर उच्च स्तरीय सैन्य वार्ता दो दिनों तक चली और दो दिनों में कुल मिलाकर करीब 17 घंटे तक चर्चा हुई।

# हरियाणाः नूंह में हिंसा भड़काने का आरोपी बिट्टू बजरंगी गिरफ्तार

## एएसपी की शिकायत पर दर्ज हुआ केस

एजेंसी ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा के नूंह हिंसा मामले में मंगलवार को पुलिस ने मुख्य आरोपी बिट्टू बजरंगी को गिरफ्तार कर लिया। हरियाणा पुलिस ने फरीदाबाद स्थित आवास से बिट्टू को गिरफ्तार किया है। पुलिस का आरोप है कि नूंह में ब्रजमंडल शोभायात्रा से पहले बिट्टू ने ही सोशल मीडिया पर कई भड़काऊ पोस्ट किए थे। इसके बाद नूंह से भड़की सांप्रदायिक हिंसा ने गुरुग्राम समेत कई इलाकों को अपनी चपेट में ले लिया था। इस हिंसा में पुलिस के 2 होम गार्ड जवानों समेत 6 लोगों की मौत हुई थी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, नूंह हिंसा मामले में बजरंग दल के सदस्य बिट्टू के खिलाफ थाना सदर में विभिन्न धाराओं के तहत के मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले की जांच के बाद आज मेवात पुलिस ने बिट्टू को गिरफ्तार कर लिया।



### बिट्टू ने कहा था हथियारबंद लोगों ने किया हमला

बिट्टू ने कहा था कि यात्रा का नल्हड़ महादेव मंदिर तक जाने का कार्यक्रम था। इसमें कई महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग शामिल थे। उसने कहा मंदिर से वापस लौटते वक्त यात्रा को 200-250 हथियारबंद उपद्रवियों ने फायरिंग करते हुए घेर लिया। उसने कहा कि फायरिंग के बाद हमने वापस मंदिर में जाने का फैसला किया क्योंकि हमें महिलाओं और बच्चों की चिंता थी, जो इस हमले से सहम गए थे।

### बिट्टू ने टीवी इंटरव्यू में किया था साजिश का दावा

ज्ञात हो कि एक चेनल को दिए एक इंटरव्यू में बिट्टू ने दावा किया था कि नूंह में शोभायात्रा के दौरान उपद्रवियों ने साजिश के तहत दंगा किया और बताया कि कैसे नूंह में हिंसा फैली। बिट्टू ने स्वीकार किया था कि यात्रा में शामिल होने के लिए कुछ लोग तलवार लेकर पहुंचे थे और यह तलवारें पूजा के लिए थीं। उसने कहा कि हर साल की तरह इस साल भी हमने शोभा यात्रा निकाली, लेकिन फिर हिंसा भड़की उठी।

## सब्जी विक्रेता रामेश्वर संग राहुल ने किया लंच...



नई दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सब्जी विक्रेता रामेश्वर को अपने आवास पर खाने पर बुलाया तथा साथ खाना खाते वक्त की फोटो भी शेयर की। दरअसल, दिल्ली की आजादपुर मंडी में एक न्यूज वेबसाइट द्वारा लिए गए इंटरव्यू के दौरान सब्जी विक्रेता रामेश्वर ने राहुल गांधी से मुलाकात की इच्छा जाहिर की थी। वीडियो वायरल होने के बाद राहुल आजादपुर मंडी गए तथा वहां उन्होंने रामेश्वर से मुलाकात कर उसे घर बुलाकर उसके साथ लंच भी किया।

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने विरोधियों पर साधा निशाना

# मुझे मात देने का प्रयास करने वाले लोगों के सपने साकार नहीं हो पा रहे

मुंबई। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने अपने विरोधियों पर निशाना साधते हुए बुधवार को कहा कि कई लोग पिछले एक साल से उन्हें मात देने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन उनके सपने साकार नहीं हो पा रहे। शिंदे ने शतरंज के दिग्गज खिलाड़ी विश्वनाथन आनंद की मौजूदगी में एक कार्यक्रम को वीडियो संदेश के माध्यम से संबोधित करते हुए कहा कि उन्हें जनता का विश्वास हासिल है। शिंदे ने कहा कई लोग पिछले एक साल से मुझे मात देने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन उनके सपने साकार नहीं हो पा रहे। विरोधी चाहे अपना पूरा दिमाग खपा लें, लेकिन मुझे जनता का समर्थन और विश्वास हासिल है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजनीति में व्यक्ति को एक



# कालकाजी मंदिर के लिए ड्रेस कोड लागू

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राजधानी दिल्ली के प्रसिद्ध मंदिरों में से एक कालकाजी मंदिर को लेकर एक बड़ा फैसला आया है। जिसके मुताबिक मंदिर समिति ने यहां दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं के लिए ड्रेस कोड लागू कर दिया है। जाहिर है कि मंदिर में आए दिन हजारों की संख्या में भक्त माता कालका के दर्शन के लिए आते हैं और पूजा-अर्चना करते हैं। इनमें से कुछ भक्त वेस्टर्न कपड़ों में भी आते हैं जिसे देखते हुए मंदिर समिति ने ऐसे कपड़ों को मंदिर पहनकर आने पर रोक लगा दी है। कालकाजी मंदिर के पीठाधीश्वर सुरेंद्रनाथ अवधूत ने बताया कि मंदिर परिसर समिति ने यह फैसला लिया है कि माता कालका के दर्शन करने के लिए पहुंचने वाले श्रद्धालु भारतीय पारंपरिक वस्त्र ही धारण करके पहुंचें।



- ऐसे कपड़े पहनकर आने वालों की एंट्री बैन

### इस तरह के कपड़ों पर लगी रोक

कालकाजी मंदिर समिति ने यह फैसला लिया है कि कालकाजी मंदिर में दर्शन करने आने वाले श्रद्धालु भारतीय पारंपरिक वस्त्र का धारण कर ही मंदिर में प्रवेश लें और माता कालका के दर्शन करें। अब से यहां वस्टर्न ड्रेस पहनकर आने पर एंट्री नहीं दी जाएगी। इसके अलावा मंदिर में अमर्यादित कपड़े जैसे कटी-फटी जींस, मिनी स्कर्ट, बरमूडा, नाइट ड्रेस जैसे कपड़े पहनने पर भी सख्त रोक लगाई गई है।

कहां मिलेगा टिकट और क्या है टाइमिंग? जानें पूरी डिटेल

# आज से फिर खुला राष्ट्रपति भवन का अमृत उद्यान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आम लोगों के लिए राष्ट्रपति भवन स्थित अमृत उद्यान (पूर्व में मुगल गार्डन) एक बार फिर पर्यटकों के लिए खोल दिया गया है। राष्ट्रपति भवन की ओर से बयान जारी कर इसकी जानकारी दी गई है। इस साल दूसरी बार अमृत उद्यान को आम लोगों के लिए खोला जा रहा है। इससे पहले हर साल इसे सिर्फ एक बार ही पर्यटकों के लिए खोला जाता था। अमृत उद्यान में आम लोग ईस्ट लॉन, सेंट्रल लॉन, लॉन्ग गार्डन और सर्कुलर गार्डन में घूम सकेंगे। बता दें कि इस साल 29 जनवरी से 31 मार्च तक यह उद्यान आम लोगों के लिए खोला गया था।



### कैसे बुक करें टिकट?

राष्ट्रपति भवन की आधिकारिक वेबसाइट पर अमृत उद्यान के लिए ऑनलाइन बुकिंग कराई जा सकती है। इसके अलावा गेट नंबर-35 के पास मौजूदी कियोस्क से भी एंट्री पास लिए जा सकते हैं। उद्यान में प्रवेश के लिए कोई शुल्क नहीं देना होगा। अमृत उद्यान के लिए एंट्री फ्री रखी गई है। अमृत उद्यान के साथ-साथ पर्यटक अपने स्लॉट ऑनलाइन बुक करके राष्ट्रपति भवन का संग्रहालय भी देख सकते हैं।

**क्या होगी टाइमिंग? :** पर्यटक सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे तक उद्यान में घूम सकते हैं। आखिरी एंट्री शाम 4 बजे तक ही होगी। हालांकि सोमवार को पर्यटकों के लिए यहां एंट्री बंद रहेगी। 5 सितंबर को खास तौर पर शिक्षक यहां जा सकते हैं।

चाचा-भतीजे की गोपनीय मुलाकात से महाराष्ट्र में बढ़ी राजनीतिक सरगर्मी

# 'एमवीए' से एनसीपी के अलग होने की 'खबर,' उद्धव-कांग्रेस की सांसें अटकीं

एजेंसी ▶▶ मुंबई

एनसीपी सुप्रीमो शरद पवार की भतीजे अजित पवार के साथ हालिया मुलाकात के बाद से महाराष्ट्र की सियासत में हलचल तेज हो गई है। चाचा-भतीजे के बीच हुई इस 'सीक्रेट मीटिंग' को लेकर एमवीए के बाकी दो दलों शिवसेना (उद्धव ठाकरे गुट) और कांग्रेस में टेंशन बढ़ गई है। इस बीच शरद ने बुधवार शाम प्रेस कॉन्फ्रेंस करके एक बार से उस मुलाकात को लेकर सफाई दी। उन्होंने कहा कि मुंबई में 31 अगस्त को विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की बैठक होने वाली है और उसमें हम अपनी भूमिका स्पष्ट कर देंगे। अजित द्वारा चाचा शरद को एनडीए में शामिल होने पर केंद्रीय मंत्रिमंडल में जगह दिलाने के कथित ऑफर को लेकर शरद ने कहा कि कांग्रेस के नेता अगर कोई बयान दे रहे हैं तो मुझे इसकी जानकारी नहीं,लेकिन अजित पवार से मीटिंग के दौरान किसी ऑफर पर बात नहीं हुई है।



### शरद ने इसे पारिवारिक मुलाकात बताया

उन्होंने कहा कि अजित पवार मुझसे मिलने आए थे, मैं उससे इनकार नहीं करता, लेकिन यह कोई राजनीतिक नहीं, बल्कि पारिवारिक मुलाकात थी। जहां परिवार के कई और सदस्य भी मौजूद थे। अजित और मेरी मुलाकात में ऐसे किसी ऑफर पर कोई बातचीत ही नहीं हुई और न ही कोई चर्चा हुई।

### कांग्रेस-उद्धव के प्लान-बी को किया खारिज

शरद को लेकर एमवीए के अन्य दो घटक दलों में जारी असमंजस के बीच खबर यह भी है कि कांग्रेस और शिवसेना (यूबीटी) ने प्लान बी पर काम करना शुरू कर दिया है, जिसके तहत एनसीपी को अलग कर ये दोनों दल ही गठबंधन में चुनाव लड़ने पर मंथन कर रहे हैं। हालांकि शरद ने इस अटकलों को खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और शिवसेना उद्धव गुट द्वारा एनसीपी को अलग करके चुनाव लड़ने की जो चर्चा चल रही है ऐसा कुछ भी नहीं है।

मंत्री पद के ऑफर पर...

### सुप्रिया ने कांग्रेस के दावे को किया खारिज

दोनों के बीच हुई इस मीटिंग के संदर्भ में महाराष्ट्र कांग्रेस के एक बड़े नेता ने शरद पवार को भाजपा में शामिल होने का ऑफर मिलने का दावा किया था।उन्होंने तो यहां तक कहा था कि भाजपा ने शरद को कैबिनेट मंत्री पद देने को भी कहा है।अब शरद की बेटी और शरद खेमे वाली एनसीपी की कार्यकारी अध्यक्ष सुप्रिया सुले ने इन दावों को खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा है कि इस तरह का कोई ऑफर नहीं मिला है।



# टी20 : सैमसन की मुश्किलें बढ़ी, तीन मैचों में बनाए 12, 7 और 13 रन, जितेश दावेदार

एजेंसी ▸▸| डबलिन

संजू सैमसन को लेकर राष्ट्रीय चयन समिति का धैर्य जल्द ही जवाब दे सकता है क्योंकि आयरलैंड में टी20 श्रृंखला के लिए भारत की 15 सदस्यीय टीम में जितेश शर्मा की मौजूदगी से राजस्थान रॉयल्स के कप्तान की जगह खतरे में पड़ सकती है। एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय विश्व कप से पहले इस श्रृंखला को फिटनेस परीक्षण के रूप में देख रहे कप्तान जसप्रीत बुमराह के अलावा टीम में अधिकतर वे खिलाड़ी शामिल हैं जिन्हें एशियाई खेलों की टीम में जगह मिली है।

वेस्टइंडीज के खिलाफ पांच मैच की टी20 श्रृंखला के तीन मैच में 12, सात और 13 रन की पारियां खेलने वाले सैमसन ने अपनी मुसीबत खुद बढ़ाई है और अगर आयरलैंड के खिलाफ शुक्रवार से शुरू हो रही श्रृंखला के लिए जितेश को विकेटकीपर और फिनिशर की भूमिका मिलती है तो लोगों को हैरानी नहीं होगी।

## आयरलैंड के लिए भारत की 15 सदस्यीय टीम में जितेश शामिल



### जितेश को मिलेगा मौका

*महाराष्ट्र के 29 साल के जितेश आगामी एशियाई खेलों में विकेटकीपर के रूप में भारत की पहली पसंद होंगे। टीम में दूसरे विकेटकीपर प्रभसिमरन सिंह हैं। ऐसे में महत्वपूर्ण प्रतियोगिता से पहले जितेश को कुछ अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेलने का मौका मिल सकता है। जितेश आईपीएल में पंजाब किंग्स के लिए पांचवें या छठे नंबर पर फिनिशर की भूमिका निभाते हैं।*



### चयनकर्ताओं की बढ़ी चिंता

*लोकेश राहुल अगर टीम में जगह नहीं बना पाते हैं तो सैमसन एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय विश्व कप में रिजर्व विकेटकीपर की दौड़ में अब भी सबसे आगे चल रहे हैं लेकिन प्रतिभा की कोई कमी नहीं होने के बावजूद इतने वर्षों में प्रदर्शन में निरंतरता की कमी ने चयनकर्ताओं की चिंता बढ़ा दी है। विश्व कप में दावेदारी पेश करने के लिए सैमसन को कुछ और मैच मिलेंगे लेकिन क्या टीम का थिंक टैंक दोनों विकेटकीपर को एकादश में जगह दे पाएगा। टीम देखकर लगता है कि ऐसा करना आसान नहीं होगा।*

### शीर्ष चार बल्लेबाज

*रुतुराज गायकवाड़ और यशस्वी जायसवाल के पारी का आगाज करने की संभावना है जबकि वेस्टइंडीज में पदार्पण श्रृंखला में अच्छे प्रदर्शन के बाद तिलक वर्मा एक बार फिर चौथे नंबर पर खेलते हुए नजर आएंगे। सूर्यकुमार यादव की गैरमौजूदगी में तीसरे स्थान पर जगह बनती है। आईपीएल में कई मौकों पर रॉयल्स के लिए तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने वाले सैमसन को इस स्थान पर आजमाया जा सकता है।*

### दुबे ने किया प्रभावित

*टीम में बड़े शॉट खेलने में सक्षम शिवम दुबे भी हैं जिन्होंने आईपीएल में चेन्नई सुपरकिंग्स की ओर से काफी प्रभावित किया। दुबे टीम में तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर के रूप में शामिल हैं। हालांकि जब गेंदबाजी की बात आती है तो वह हार्दिक पंड्या के करीब भी नहीं हैं। उनकी बड़े शॉट खेलने की क्षमता उनको एकादश में जगह बनाने का दावेदार बनाती है। सैमसन अगर सारे मैच खेलते हैं तो जितेश और रिंकू सिंह में से एक को बाहर बैठना होगा।*

### टी20 रैंकिंग : गिल सर्वश्रेष्ठ 25वें स्थान पर

*दुबई। भारत के सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल बुधवार को जारी नवीनतम आईसीसी टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में बल्लेबाजों की सूची में कॅरियर के सर्वश्रेष्ठ 25वें स्थान पर पहुंच गए। उनके साथी सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल और स्पिनर कुलदीप यादव को भी रैंकिंग में फायदा हुआ है। वेस्टइंडीज के खिलाफ पांच मैच की श्रृंखला के अंतिम दो मैच में 77 और नौ रन की पारी खेलने वाले गिल को 43 स्थान का फायदा हुआ है। इससे पहले गिल की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग 30 थी। आईसीसी के अनुसार जायसवाल एक हजार से अधिक स्थान के फायदे के साथ 88वें पायदान पर पहुंच गए हैं।फ्लोरिडा के लॉडरहिल में चौथे मैच में दो विकेट की बदौलत कलाई के स्पिनर कुलदीप 23 स्थान की छलांग के साथ 28वें पायदान पर हैं।*

## खबर संक्षेप



### पीएसजी छोड़ अल हिलाल से जुड़े नेमार

**रियाद।** छह सत्र पेरिस सेंट जर्मेन के साथ खेलने के बाद ब्राजील के स्टार फुटबॉलर नेमार अल हिलाल क्लब से जुड़ गए। खबरों के अनुसार नेमार के साथ नौ करोड़ यूरो (नौ करोड़ 80 लाख डॉलर) का करार हुआ है जो सऊदी प्रो लीग में एक रिकॉर्ड है। रिकॉर्ड 18 बार की राष्ट्रीय चैंपियन अल हिलाल के साथ नेमार ने दो साल का करार किया है जिससे उन्हें सालाना दस करोड़ डॉलर वेतन मिलेगा। यह अल नासर के लिए खेलने वाले क्रिस्टियानो रोनाल्डो के वेतन से आधा है।

### नार्थम्पटनशर के लिए नहीं खेल सकेंगे शॉ

**लंदन।** डरहम के खिलाफ फील्डिंग करते हुए घुटने की चोट का शिकार हुए पृथ्वी शॉ अब नार्थम्पटनशर के लिए बाकी के मैच नहीं खेल सकेंगे। शॉ ने 13 अगस्त को खेले गए मैच में 76 गेंद में नाबाद 125 रन बनाए जिसकी मदद से नार्थम्पटनशर ने छह विकेट से जीत दर्ज की। टीम ने एक कहा, 'पृथ्वी के घुटने में फील्डिंग के दौरान चोट लगी। स्कैन से पता चला कि चोट काफी गहरी है।' शॉ ने नौ अगस्त को समरसेट के खिलाफ 153 गेंद में 244 रन बनाए थे जिसकी मदद से उनकी टीम ने 87 रन से जीत दर्ज की थी।



### मेसी के गोल से फाइनल में पहुंचा इंटर मियामी

**चेस्टर।** लियोनेल मेसी ने लगातार गोल का सिलसिला जारी रखते हुए इंटर मियामी की एक और जीत में योगदान दिया। इंटर मियामी ने फिलाडेल्फिया को 4-1 से हराकर लीग्स कप फुटबॉल के फाइनल में प्रवेश कर लिया। मेस्सी ने 20वें मिनट में गोल दागा था। सात बार के बलोन डिओर विजेता अर्जेंटीना के विश्व कप विजेता मेसी का छह मैचों में नई टीम के लिए यह नौवां गोल था। मेसी की वजह से इस मैच के टिकट एक हजार डॉलर से भी अधिक में बिके। अब मियामी का सामना फाइनल में नैशविले या मैक्सिको के क्लब मोंटेरे से होगा।



### रियाज ने क्रिकेट से लिया संन्यास

**कराची।** पाकिस्तान के तेज गेंदबाज वहाब रियाज ने दुनिया भर में टी20 लीग खेलने के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहने का फैसला किया है। 38 वर्ष के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज रियाज ने 2008 से 2020 के बीच 27 टेस्ट, 91 वनडे और 36 टी20 मैच खेले हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा, 'एक शानदार सफर के बाद मैने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने का फैसला किया है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड, मेरे परिवार, कोचों, मेंटोर, साथी खिलाड़ियों, प्रशंसकों और सभी को शुक्रिया। फ्रेंचाइजी क्रिकेट की दुनिया में आगे का समय रोमांचक होगा।'



## फुटबॉल : सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया को 3-1 से दी शिकस्त

# वर्ल्ड कप : इंग्लैंड ने फाइनल में बनाई जगह, स्पेन से होगा खिताबी मुकाबला

एजेंसी ▸▸| सिडनी

इंग्लैंड ने बुधवार को यहां सह मेजबान ऑस्ट्रेलिया को 3-1 से हराकर पहली बार महिला विश्व कप फुटबॉल प्रतियोगिता के फाइनल में जगह बनाई, जहां उसका सामना स्पेन से होगा। ऑस्ट्रेलिया की सुपरस्टार सैम केर टूर्नामेंट में पहली बार शुरुआती एकादश में शामिल थी। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के लिए एकमात्र गोल भी किया लेकिन यह यूरोपीय चैंपियन इंग्लैंड को हराने के लिए पर्याप्त नहीं था।

पहले हाफ में पूरी तरह से इंग्लैंड का दबदबा रहा। इला टूने ने 36वें मिनट में गोल करके इंग्लैंड को 1-0 से बढ़त दिला दी। केर ने 63वें मिनट में बराबरी का गोल किया जिससे स्टेडियम में मौजूद 75 हजार से अधिक दर्शकों ने राहत की सांस ली। ऑस्ट्रेलिया के खिलाड़ियों और प्रशंसकों की खुशी हालांकि ज्यादा देर तक नहीं रही। लोरेन हेंप ने 71वें मिनट में गोल करके इंग्लैंड को फिर से बढ़त दिला दी जबकि एलेसिया रुसो ने नियमित समय का खेल समाप्त होने से चार मिनट पहले गोल करके उसकी जीत सुनिश्चित कर दी।

### मिलेगा नया चैंपियन

इंग्लैंड और स्पेन पहली बार महिला विश्वकप के फाइनल में पहुंचे हैं। इन दोनों टीमों के बीच रविवार को खिताबी मुकाबला होगा। ऑस्ट्रेलिया शनिवार को तीसरे स्थान के प्लेऑफ मैच में स्वीडन से भिड़ेगा।



### सलमा के गोल किए पैर को चूमने लगी दूसरी खिलाड़ी, जीता स्पेन

*महिला फीफा वर्ल्ड कप 2023 का रोमांच चरम पर है। सेमीफाइनल में स्पेन ने स्वीडन के तूफान को रोकते हुए फाइनल में एंट्री मार ली है। इडेन पार्क स्टेडियम में स्पेन ने स्वीडन को 2-1 से हराया। ओल्गा कार्मोना के 89वें मिनट में किए गए गोल से स्पेन ऐतिहासिक जीत हासिल की। इस तरह उसने महिला विश्व कप फुटबॉल चैंपियनशिप के फाइनल में प्रवेश किया। जब स्पेन के लिए पहला गोल सलमा परालुलो ने 81वें मिनट में दागा तो उसके साथी खिलाड़ी खुशी से पागल हो गए। यही नहीं, उसकी साथी एटना बोनमैटी दौड़ते हुए आई और सलमा ने जिस पैर से गोल दागा था उसे चूमने लगी। मैच का यह मोमेंट सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसके जवाब में स्वीडन के लिए रिबेका ने 88वें मिनट में गोल दागा, लेकिन ओल्गा ने एक और गोल लगाते हुए स्पेन को जीत दिला दी।*

## पंत ने नुमाइशी मैच में की बल्लेबाजी, हो रहा सुधार

एजेंसी ▸▸| बेंगलुरु



ऋषभ पंत की अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी का सभी को इंतजार है और इस विकेटकीपर बल्लेबाज ने स्वतंत्रता दिवस पर एक नुमाइशी मैच में कुछ गेंद खेलकर सकारात्मक संकेत दिए।

पिछले साल दिसंबर में देहरादून दिल्ली राजमार्ग पर कार दुर्घटना में बुरी तरह घायल होने के बाद से पंत क्रिकेट से दूर हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक प्रशंसक द्वारा पोस्ट किए गए वीडियो में पंत को क्रीज से बाहर निकलकर गेंद को मैदान से बाहर पीटते दिखाया गया है। राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में रिहैबिलिटेशन में जुटे पंत ने बेंगलुरु के करीब एक खेल परिसर में जेएसडब्लू फाउंडेशन द्वारा स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया था। उन्होंने इस मौके पर कहा, 'आप बड़े होते हैं तो खेल से प्यार करना छोड़ देते हैं। इसका कारण है कि काफी दबाव है। आप जीवन में सर्वश्रेष्ठ करना चाहते हैं और बहुत कुछ करना चाहते हैं। लेकिन लाइफ में इंजॉयमेंट नहीं छोड़ना है।'

## बुमराह ने 11 महीने बाद नेट्स पर की गेंदबाजी



*डबलिन। चोटिल होने के कारण 11 महीने तक बाहर रहने वाले भारत के शीर्ष तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने बुधवार को यहां नेट्स पर पूरी तेजी और कौशल के साथ गेंदबाजी की। इस 29 वर्षीय तेज गेंदबाज ने भारत की तरफ से अंतिम मैच 25 सितंबर 2022 को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हैदराबाद में टी20 के रूप में खेला था। इसके बाद पीठ की चोट के कारण वह बाहर रहे और उन्हें ऑपरेशन करवाना पड़ा। बुमराह ने तब बहुप्रतीक्षित वापसी की जब उन्हें आयरलैंड के खिलाफ शुक्रवार से डबलिन में शुरू होने वाले तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की श्रृंखला के लिए भारतीय टीम का कप्तान नियुक्त किया गया। भारतीय टीम मंगलवार को आयरलैंड पहुंची और उसके एक दिन बाद ही उसने अभ्यास शुरू कर दिया। बुमराह ने दाएं हाथ के बल्लेबाज को अपने तीखे बाउंसर से परेशान किया। इस कारण बल्लेबाज को नीचे झुक कर वह गेंद छोड़नी पड़ी। बाएं हाथ के बल्लेबाज को उन्होंने यार्कर से परेशान किया।*

## भारतीय कंपाउंड तीरंदाज फाइनल में, दो पदक पक्के

**महिला कंपाउंड टीम ने अंतिम-4 में ब्रिटेन को 234-233 से हराया**

एजेंसी ▸▸| पेरिस

भारतीय कंपाउंड तीरंदाजों ने अपना विजय अभियान जारी रखते हुए बुधवार को यहां विश्व कप चरण चार में पुरुष और महिला टीम स्पर्धा के फाइनल में जगह बनाकर दो पदक पक्के किए।

हाल में विश्व चैंपियन बने ओजस देवताले ने सेंटर (एक्स) के अधिक करीब निशाना लगाकर भारतीय पुरुष टीम को कोरिया पर जीत दिलाई। सेमीफाइनल मुकाबला 235-235 से बराबर रहने के बाद शूट ऑफ भी 30-30 से बराबर था लेकिन देवताले ने टीम को जीत दिला दी। पुरुष टीम स्वर्ण पदक के मुकाबले में अमेरिका से भिड़ेगी। बर्लिन में दो हफ्ते से भी कम समय पहले विश्व चैंपियन बनी भारत की महिला कंपाउंड टीम ने सेमीफाइनल में ब्रिटेन को 234-233 से हराया। ज्योति सुरेखा वेनाम, अदिति स्वामी और परनीत कौर की शीर्ष वरीय भारतीय टीम फाइनल में मैक्सिको के खिलाफ उतरेगी। पुरुष टीम में देवताले के अलावा प्रथमेश जावकर और अभिषेक वर्मा शामिल हैं।



### स्टोक्स ने वनडे से संन्यास का फैसला बदला, टीम में शामिल

**नई दिल्ली।** डिफेंडर मनदीप मोर और मिडफील्डर नवजोत कौर ओमान में होने वाले आगामी एशियाई हॉकी 5 विश्व कप क्वालीफायर में भारतीय पुरुष और महिला टीमों के कप्तान होंगे। पुरुष टूर्नामेंट 29 अगस्त से दो सितंबर तक खेला जाएगा जबकि महिला टूर्नामेंट 25 से 28 अगस्त तक होगा। मिडफील्डर मोहम्मद राहील मोदीन टीम के उपकप्तान होंगे। पुरुष टीम में गोलकीपर सूरज करकेरा, जुगराज सिंह, दिप्सन टिर्की, मनजीत और मोर डिफेंस में होंगे।



## नोवाक जोकोविच पहला मैच हारे अल्काराज की सत्र में '50वीं' जीत

एजेंसी ▸▸| मेसन

तेईस बार के ग्रैंडस्लैम चंपियन नोवाक जोकोविच अमेरिका में 2021 के बाद पहला मैच हारे जब उन्हें वेस्टर्न एंड सदर्न ओपन में युगल मैच में पराजय का सामना करना पड़ा।

जोकोविच और निकोला काचिच को जैमी मूरे और माइकल वीनस ने 6-4, 6-2 से हराया। जोकोविच कोरोना टीकाकरण नहीं कराने की वजह से अमेरिका में पिछले दो साल में कई टूर्नामेंट नहीं खेल सके थे। विम्बलडन फाइनल में कार्लोस अल्काराज से हारने के बाद जोकोविच का यह पहला प्रतिस्पर्धी मैच था। एकल में उनका सामना अलेजांद्रो डेविडोविच फोकिना से होगा। अल्काराज ने आस्ट्रेलिया के क्वालीफायर जोर्डन थाम्पयन को 7-5, 4-6, 6-3 से मात दी। वह इस सत्र में 50 जीत दर्ज करने वाले पहले एटीपी खिलाड़ी बन गए।

महिला वर्ग में पूर्व अमेरिकी ओपन चैंपियन स्लोएने स्टीफेंस ने गत चैंपियन कैरोलिन गार्सिया को 4-6, 6-4, 6-4 से हराकर पहली बार तीसरे दौर में प्रवेश कर लिया। पांचवीं वरीयता प्राप्त ओंस जबाउर ने अन्हेलिना कालिनिना को 6-3, 6-7, 7-6 से हराया।



## चियांग माई में 700वीं एनिवर्सरी स्टेडियम में होगा आयोजन

# किंग्स कप में इराक से होगा भारत का सामना

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

भारत की सीनियर पुरुष टीम थाईलैंड के चियांग माई में 49वें किंग्स कप फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में सात सितंबर को इराक से भिड़ेगी। इस मैच का आयोजन चियांग माई में 700वीं एनिवर्सरी स्टेडियम में किया जाएगा। थाईलैंड फुटबॉल संघ द्वारा बुधवार को डाले गए ड्रॉ के अनुसार इस दिन होने वाले एक अन्य सेमीफाइनल में थाईलैंड की भिड़ंत लेबनान से होगी। टूर्नामेंट का फाइनल 10 सितंबर को खेला जाएगा। सेमीफाइनल में हारने वाली टीमें तीसरे स्थान के प्ले ऑफ में खेलेंगी।

ड्रॉ के अनुसार इराक (70वें स्थान के साथ फीफा रैंकिंग की शीर्ष टीम) और थाईलैंड (मेजबान और दुनिया की 113वें नंबर की टीम) को अलग-अलग सेमीफाइनल में रखा गया और उनकी भिड़ंत बाकी बची दो टीम भारत (फीफा रैंकिंग 99) और लेबनान (फीफा रैंकिंग 100) में से एक से होनी थी। भारत ने इराक के खिलाफ पिछला मुकाबला 2010 में बगदाद में खेला था जिसमें उसे 0-2 से हार का सामना करना पड़ा था।



### चौथी बार खेलेगा टूर्नामेंट

भारतीय टीम थाईलैंड में चौथी बार किंग्स कप में हिस्सा ले रही है। टीम पिछली बार 2019 मे इस टूर्नामेंट में खेली थी जहां उसे सेमीफाइनल में कुराओ के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था। भारत ने हालांकि तीसरे स्थान के प्ले ऑफ में थाईलैंड को 1-0 से हराकर कांस्य पदक जीता था। भारत ने 1977 में पहली बार टूर्नामेंट में हिस्सा लेते हुए भी कांस्य पदक जीता था। टीम ने तब दक्षिण कोरिया, सिंगापुर और इंडोनेशिया को हराया था। भारत 1981 में ग्रुप चरण से बाहर हो गया था।

### गोवा डूरंड कप के नॉकआउट में पहुंचा

*गुवाहाटी। एफसी गोवा ने बुधवार को यहां ग्रुप चरण के अपने अंतिम मैच में डाउनटाउन हीरोज एफसी को 3-0 से हराकर डूरंड कप फुटबॉल टूर्नामेंट के नॉकआउट में जगह बनाई। गोवा की तरफ से मोहम्मद नेमिल, कार्लोस मार्टिनेज और देवेन्द्र मुर्गावकर ने गोल किए, जिससे उनकी टीम ने ग्रुप चरण के अपने अभियान का अंत जीत से किया। गोवा की टीम ने शुरू से ही मैच में दबदबा बना दिया था। उसने अपना पहला गोल मोहम्मद नेमिल के प्रयासों से 19वें मिनट में किया। गोवा ने इसके बाद भी हमलावर तेवर अपनाए रखे जिसका फायदा उसे 42वें मिनट में मिला जब मार्टिनेज ने गोल दागा। इस तरह से गोवा मध्यांतर तक 2-0 से आगे था। एफसी गोवा ने इसके बाद भी अपने प्रतिद्वंदी को कोई मौका नहीं दिया।*


# चन्द्रयान-3 पहुंचा चांद के और पास




चेन्नई, (एजेंसी)। भारत का तीसरे चंद्रमा मिशन चंद्रयान-3 बुधवार सुबह चौथा चरण पार कर अपनी मंजिल के और करीब पहुंच गया। चंद्रयान के लिए यह प्रक्रिया काफी अहम थी और आज गुरुवार (17 अगस्त को) चन्द्रयान-3 लैंडर मॉड्यूल (एलएम) को प्रोपल्शन मॉड्यूल (पीएम) से अलग होगा। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने जानकारी दी कि चंद्रयान-3 ने सफलतापूर्वक चांद की कक्षा के एक और गोलाकार चरण को पूरा कर लिया है और अब वह चांद के और करीब वाली कक्षा में पहुंच गया है। चंद्रयान-3 अब चांद के चौथे ऑर्बिट में प्रवेश कर गया है।

चंद्रयान अंतरिक्ष यान अब चंद्रमा की सतह से सिर्फ 163 किमी दूर है। इसरो ने कहा कि अब तैयारियों का समय आ गया है क्योंकि प्रोपल्शन मॉड्यूल और लैंडर मॉड्यूल अपनी अलग-अलग यात्राओं के लिए तैयार हैं। बुधवार को चंद्रयान-3 एक और कक्षा लांघ कर चांद के और करीब पहुंच गया। वहीं 17 अगस्त का दिन मिशन के लिए अहम होगा क्योंकि इस दिन चंद्रयान-3 के प्रोपल्शन मॉड्यूल को लैंडर से अलग किया जाएगा। इसरो ने ट्वीट किया कि आज की सफल फायरिंग के बाद चंद्रयान-3 को 153 किमी गुणा 163 किमी की कक्षा में स्थापित कर दिया है।

## चांद की ऑर्बिट में पहुंचा लूना-25




**मॉस्को,(एजेंसी)।** रूस का लूना-25 स्पेसक्राफ्ट बुधवार को भारतीय समयानुसार दोपहर 2.27 बजे चांद की 100 किलोमीटर की ऑर्बिट में पहुंच गया। स्पेसक्राफ्ट चंद्रमा की ग्रैविटी में कैप्चर हो सके, इसके लिए थ्रस्टर दो बार फायर किए गए। एडजस्टिंग ब्रेक थ्रस्टर को 243 सेकंड के लिए चालू किया। फिर सॉफ्ट लैंडिंग थ्रस्टर को 76 सेकंड के लिए फायर किया गया। यह स्पेसक्राफ्ट 21 अगस्त को चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सॉफ्ट लैंडिंग करेगा। इसे रूस की स्पेस एजेंसी रोस्कोस्मोस ने 11 अगस्त को सोयूज 2.1बी रॉकेट के जरिए अमूर ओब्लास्ट के वोस्तोनी कॉस्मोड्रोम से लॉन्च किया गया था। यह जगह मॉस्को से करीब 5,550 किमी ईस्ट में है।

# NCP की गुप्त मुलाकात से उड़ी कांग्रेस की नींद



मुंबई, (एजेंसी)। महाराष्ट्र की राजनीति में एक बार फिर माहौल गर्माया है। कांग्रेस को शक है कि शरद पवार को एनडीए में शामिल करने के लिए भाजपा की ओर से केंद्रीय मंत्री के समान पद का ऑफर दिया गया है। यह ऑफर अजित पवार के जरिए पहुंचाया गया है। महाराष्ट्र कांग्रेस के नेताओं को आशंका है कि शरद पवार विपक्ष का साथ छोड़ सकते हैं। यही कारण है कि कांग्रेस और उद्धव गुट ने प्लान बी पर भी काम शुरू कर दिया है। अब यह मुद्दा मुंबई में होने वाली इंडिया गठबंधन की बैठक में भी उठेगा।

### कांग्रेस का बी प्लान तैयार है

कांग्रेस नेता और पूर्व सीएम अशोक चव्हाण ने कहा कि कांग्रेस और शिवसेना में सब कुछ ठीक चल रहा है, लेकिन एनसीपी में जो कुछ हो रहा है, उससे महाराष्ट्र की जनता कंफ्यूज हो रही है। वहीं महाराष्ट्र विधानसभा में विपक्ष के नेता विजय वडेट्टीवार ने भी बड़ा बयान दिया है। कांग्रेस नेता का दावा है कि नरेंद्र मोदी ने अजित पवार को एक टास्क दिया है। यह टास्क है शरद पवार को एनडीए में शामिल करना।

यदि अजित पवार ऐसा कर पाते हैं तो उन्हें महाराष्ट्र का मुख्यमंत्री बनाया जा सकता है। इससे पहले शिव सेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने इस मुद्दे पर कहा, अजित पवार इतने बड़े नेता नहीं हैं कि वह शरद पवार को ऑफर दे सकें। वहीं शरद पवार की बेटी सुप्रिया सुले बोली, कोई आफर नहीं मिला। पवार साहब ने अजित पवार को बनाया है, अजित पवार ने शरद पवार को नहीं बनाया....उनका (शरद पवार) कद ऊंचा है।

### हम अपने रास्ते से नहीं भटकेंगे : शरद पवार

राकांपा प्रमुख शरद पवार ने कांग्रेस के दावे को किया खारिज, कहा- नहीं मिला भाजपा से कोई ऑफर। वहीं उन्होंने गृहनगर बारामती में लोगों से कहा कि कुछ लोगों ने अलग रास्ता अपनाया है, लेकिन जब उनको स्थिति का अहसास होगा तो वे अपने रुख को बदल सकते हैं। उन्होंने कहा कि वे लोग अपना रुख बदलें या नहीं, हम अपने रास्ते से नहीं हटेंगे जिसे हमने चुना है। शरद पवार ने कहा, कि मैंने महाराष्ट्र (मतदाताओं) से कहा है कि किसी के लिए मतदान करिए। और अब मैं उनसे यह नहीं कह सकता कि किसी और के लिए मतदान करें जिसका हमने लंबे समय से विरोध किया है।

### ईसी ने शरद से मांगे सबूत, दिया तीन हफ्ते का वक्त

दो फाड़ हो चुकी राकांपा पार्टी यानी एनसीपी के नाम और आधिकारिक चिह्न को लेकर शरद पवार और भतीजे अजित पवार आमने-सामने हैं। चुनाव आयोग ने जारी नोटिस का जवाब देने के लिए दोनों गुटों को तीन और हफ्ते का समय दिया है। दरअसल, शरद पवार गुट ने चुनाव आयोग को लिखे पत्र में चार हफ्ते का समय मांगा था। अब उन्हें 8 सितंबर तक नोटिस का जवाब देना होगा। वहीं अजित पवार गुट पहले ही अपना जवाब दाखिल कर चुका है।

## ईडी ने रॉबर्ट वाड्रा की अग्रिम जमानत को दी चुनौती

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने धनशोधन के एक मामले में कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी के दामाद रॉबर्ट वाड्रा को मिली अग्रिम जमानत को बुधवार को चुनौती देते हुए दावा किया कि उन्होंने जमानत की शर्तों का पालन नहीं किया। ईडी के वकील ने कहा कि वह वाड्रा द्वारा जमानत की शर्तों के उल्लंघन को बताने वाला एक अतिरिक्त हलफनामा दायर करेंगे। उन्होंने इसे अदालत के समक्ष रखने के लिए कुछ समय मांगा। न्यायमूर्ति सुधीर कुमार जैन ने ईडी को अतिरिक्त हलफनामा दाखिल करने के लिए दो सप्ताह का समय दिया और मामले को सितंबर में आगे की सुनवाई के लिए सूचीबद्ध कर दिया।

## एक्सप्रेस न्यूज

### मुर्मु जीआरएसई निर्मित युद्धपोत का शुभारंभ करेंगी

कोलकाता (एजेंसी) राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु 17 अगस्त को कोलकाता स्थित गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड में नौसेना के प्रोजेक्ट 17ए फ्रिगेट के पोत 'विंध्यगिरि' का शुभारंभ करेंगी। नौसैनिक पोत का नाम कर्नाटक की पर्वत श्रृंखला के नाम पर रखा गया है और यह प्रोजेक्ट 17ए फ्रिगेट का छठवां पोत है। युद्धपोत का लॉन्चिंग समारोह कोलकाता शहर में हुगली नदी के तट पर जीआरएसई की जहाज निर्माण सुविधा में आयोजित किया जाएगा। अत्याधुनिक जहाज को नवीनतम उपकरणों से सुसज्जित किया जाएगा और सेवा में शामिल करने के लिए भारतीय नौसेना को सौंपे जाने से पहले व्यापक परीक्षणों से गुजरना होगा।

### कुंडू मौत मामला में जेयू के चार और लोग गिरफ्तार

**कोलकाता (एजेंसी)।** कोलकाता पुलिस ने पश्चिम बंगाल के जादवपुर विवि के छात्र स्वपनदीप कुंडू की मौत मामले में चार और आरोपियों को गिरफ्तार किया है जबकि राज्यपाल सी. वी. आनंद बोस ने विवि के अधिकारियों को बुधवार को राजभवन में तलब किया है। कोलकाता पुलिस द्वारा मंगलवार की रात गिरफ्तार किये गए लोगों में विवि के तीन छात्र शामिल हैं। श्री बोस ने जेयू के वरिष्ठ अधिकारियों को शाम पांच बजे राजभवन में मिलने के लिए बुलाया है। उल्लेखनीय है कि जेयू में मौजूदा समय में कोई उप कुलपति नहीं है। पूर्व उपकुलपति वीसी सुरजन जाद ने विवि की सुरक्षा प्रणाली में कमी का हवाला देते हुए गत मार्च में अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। विश्वविद्यालय का दरवाजे 24 घंटे खुले रहते हैं।

## लाल किले के प्राचीर से 90 मिनट प्रधानमंत्री मोदी ने किया संबोधित

# जब देश आर्थिक रूप से समृद्ध होता है, तब देश का सामर्थ्य भी बढ़ता है

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

पीएम मोदी ने लाल किले पर तिरंगा फहराया। इसके बाद उन्होंने भारत को आजाद दिलाने वाले स्वत्रंतता संग्राम के शहीदों और सेनानियों को नमन किया और मणिपुर में शांति की अपील की।

77वें स्वतंत्रता दिवस के मौके पर पीएम मोदी ने देशवासियों को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने 90 मिनट तक लाल किले की प्राचीर से देश को संबोधित किया। इस दौरान देश के विकास से लेकर पीएम मोदी ने कई विषयों पर अपनी बात देश वासियों से कही। इस दौरान पीएम ने कहा, 2014 में मैंने परिवर्तन का वादा किया था। आप देश वासियों ने मुझ पर भरोसा किया. 2019 में आपने फिर मुझे आर्शीवाद दिया। मैं आपका हर सपना पूरा करुंगा। मैं अगली 15 अगस्त को फिर आपके सामने आऊंगा। मैं आपके लिए ही जीता हूं। मैं अगर पसीना बहाता हूं तो आपके लिए बहाता हूं। क्योंकि आप ही मेरा परिवार है। मैं आपका दुख नहीं देख सकता।पीएम मोदी ने लाल किले से देश को संबोधित करते हुए कि परिवारवाद, भ्रष्टाचार और तुष्टीकरण देश की बीमारी हैं जिनको खत्म करना बेहद जरूरी है।




### भाषण की 10 बड़ी बातें

- 140 करोड़ देशवासियों को परिवारजनों कहा
- पूरा देश मणिपुर के साथ, समाधान का भरोसा
- सरकार के 10 साल काम के काम का हिसाब दिया
- अगले 5 साल में टॉप-3 अर्थव्यवस्था की गारंटी
- 2047 में विकसित भारत का तिरंगा फहराएगा
- शहर में किराए पर रहने वालों को होम लोन में छूट
- जन औषधि केंद्र की संख्या बढ़कर 25 हजार होगी
- गांव में 2 करोड़ लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य
- 15 हजार करोड़ की विश्वकर्मा योजना शुरू होगी
- भ्रष्टाचार, परिवारवाद और तुष्टिकरण पर प्रहार



# सनी देओल के लिए लकी चार्म बनीं बहू दृशा आचार्य

अभिनेता सनी देओल इन दिनों गदर 2 की सफलता का स्वाद चख रहे हैं। 11 अगस्त को रिलीज हुई यह फिल्म हर दिन नए रिकॉर्ड कायम कर रही है। रिलीज के पांच दिन के अंदर ही घरेलू बॉक्स ऑफिस पर फिल्म ने 200 करोड़ से अधिक का आंकड़ा पार कर लिया है। एक तरफ फैंस इस फिल्म के लिए सनी देओल की पीठ थपथपा रहे हैं, तो वहीं सनी देओल ने सफलता का श्रेय अपनी बहू रानी को दिया है। बता दें कि यह साल देओल परिवार के लिए काफी खास रहा है। एक तरफ सनी देओल के बेटे करण देओल का घर बस गया। दृशा आचार्य संग उन्होंने नई जिंदगी की शुरुआत की है। वहीं, परिवार के बाकी सदस्यों के लिए भी करियर के लिहाज से तमाम खुशियां आई हैं। फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी में धर्मेंद्र के काम की खूब चर्चा है। अब सनी देओल की गदर 2 की बॉक्स ऑफिस पर आंधी आई हुई है। सनी देओल ने परिवार में आई इन खुशियों के लिए दृशा आचार्य को श्रेय दिया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक सनी देओल की फिल्म गदर 2 की सफलता का कारण उनकी बहू दृशा आचार्य हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, देओल परिवार के एक करीबी सूत्र ने खुलासा किया कि अभिनेता का मानना है कि उनके बेटे करण देओल की पत्नी और घर की लक्ष्मी दृशा आचार्य परिवार के लिए लकी चार्म साबित हुई हैं।



Bollywood Update



# आलिया को लिपस्टिक लगाने से मना करने पर ट्रोल हुए रणबीर

बॉलीवुड एक्ट्रेस आलिया भट्ट इन दिनों अपनी फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी को लेकर काफी सुर्खियों मे हैं। रणवीर सिंह और आलिया भट्ट की इस फिल्म को फैंस का भरपूर प्यार मिल रहा है। लेकिन आलिया भट्ट अपने एक इंटरव्यू को लेकर ट्रोल्स के निशाने पर आ गई हैं। दरअसल आलिया भट्ट ने हाल ही में वोग इंडिया को इंटरव्यू दिया, इस दौरान एक्ट्रेस ने बताया कि उनके पति को अच्छा नहीं लगता है कि वह लिपस्टिक लगाएं। आलिया भट्ट बता रही हैं कि ज्यादातर न्यूड शेड्स ही लगाती हैं क्योंकि उनके पति रणबीर कपूर को उनके नेचुरल लिप्स ही पसंद है। हालांकि आलिया के इस वीडियो के सामने आने के बाद रणबीर कपूर ट्रोल्स के निशाने पर आ गए हैं और ज्यादातर लोगों का कहना है कि कैसे रणबीर आलिया को हमेशा कंट्रोल करते हैं। आलिया भट्ट के इस वीडियो पर एक यूजर ने लिखा, जितना अधिक मैं रणबीर कपूर के बारे में सुनती हूं मुझे आलिया के लिए उतना ही डर लगता है। अगर आपका बॉयफ्रेंड / पति आपको अपनी लिपस्टिक पोंछने के लिए कह रहा है तो यह आपके भागने का सबसे बड़ा संकेत है। यह बिल्कुल भी प्यारा या मजेदार नहीं है। यकीन नहीं हो रहा कि इस समय भारत की सबसे मशहूर अभिनेत्री इस दौर से गुजर रही है।



## हर किसी का दिल जीत चुकी है सोनम बाजवा

पंजाबी फिल्मों की बेहद खूबसूरत और धाकड़ एक्ट्रेस सोनम बाजवा का जन्म 16 अगस्त 1989 के दिन नैनीताल (उस वक्त उत्तर प्रदेश का हिस्सा) में जन्म लिया था। उत्तर प्रदेश की धरती से ताल्लुक होने के बाद सोनम बाजवा पहले उत्तराखंड की निवासी बनीं। दरअसल, ऐसा बदलाव नए राज्य के गठन की वजह से हुआ। हालांकि, सोनम की पढ़ाई-लिखाई दिल्ली में हुई, जिसके बाद साल 2012 के दौरान उन्होंने मुंबई की राह पकड़ ली। वहां उन्होंने फेमिना मिस इंडिया में भी हिस्सा लिया था, लेकिन कामयाबी हाथ नहीं लगी। ग्लैमर की दुनिया में शुरुआत अच्छी नहीं होने के चलते सोनम एयर होस्टेस बन गईं, लेकिन एक्टिंग की दुनिया में मौका मिलने पर वह जॉब छोड़ दी।

**सोनम के करियर ने यूं पकड़ी रफ्तार**

सोनम बाजवा ने अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत साल 2013 के दौरान फिल्म बेस्ट ऑफ लक से की. इस फिल्म में उन्होंने गांव की मासूम छोरी बनकर हर किसी का दिल जीत लिया था। इसके बाद उन्होंने पंजाब 1984 में दिलजीत दोसांझ के साथ काम किया। बता दें कि सोनम तमिल फिल्म इंडस्ट्री में भी डेब्यू कर चुकी हैं। साल 2016 सोनम के करियर के लिए काफी बेहतर साबित हुआ. इस साल उन्होंने एक के बाद एक चार फिल्में की। इसके बाद सोनम के करियर ने इस कदर रफ्तार पकड़ी कि वह शोहरत की बुलंदियां छूने लगीं। आपको यह जानकर हैरानी होगी कि पंजाबी फिल्म इंडस्ट्री में अच्छा-खासा नाम कमा चुकीं सोनम बाजवा बॉलीवुड में डेब्यू करने का कोई इरादा नहीं रखती हैं।



# महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ की अध्यक्षता में सत्र 2023-24 में नवप्रवेशी छात्रों की प्रवेश काउंसलिंग के संबंध में हुआ पत्रकार वार्ता



प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। प्रोफेसर आनंद कुमार त्यागी कुलपति महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ की अध्यक्षता में सत्र 2023-24 हेतु नवप्रवेशी छात्रों की प्रवेश काउंसलिंग के संबंध में डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन सभागार में एक पत्रकार वार्ता आहूत की गई जिसमें प्रवेश सेल के समन्वयक प्रोफेसर के के सिंह, डॉ सुनीता पांडे कुलसचिव एवं विश्वविद्यालय के कुलानुसाशक प्रोफेसर अमिता सिंह, हरीश चन्द,उप कुलसचिव एवं प्रवेश समिति के सदस्य डॉ० नागेंद्र कुमार सिंह, डॉ० अविनाश कुमार सिंह, डॉ० अनीता, डॉ० सुरेंद्र प्रताप सिंह, डॉ० मुकेश पंथ, डॉ० धनजय विश्वकर्मा, डॉ० अरुण शर्मा, डॉ० धनंजय शर्मा, विनोद कुमार, अरिंदम श्रीवास्तव, डॉ० अमिताभ तथा संदीप आदि उपस्थित रहे` पत्रकार वार्ता के दौरान कुलपति बताया कि स्नातक में प्रवेश हेतु प्रवेश हेतु काउंसलिंग 18 अगस्त से आरंभ होगी और स्नातकोत्तर के छात्रों का काउंसिल अगस्त के अंतिम सप्ताह से आरंभ होकर 15 सितंबर तक पूर्ण कर लिया जाएगा। स्नातक छात्रों की कक्षाएं 1 सितंबर से आरंभ होगा छात्रों के काउंसलिंग के समय जो भी समस्याएं आएगा उसे तत्काल निराकरण करने के लिए कमेटी बनाई गई है जो प्रवेश सेल के देख रेख में कार्य कराए करेगा` छात्र प्रवेश का काउंसलिंग की रूपरेखा को बताते हुए प्रोफेसर के के सिंह ने बताया कि काउंसलिंग के लिए कुल 5 सेंटर - 1.फाइन आर्ट विभाग 2.सामाजिक विज्ञान 3.कॉमर्स भवन (एमबीए विभाग) 4.विधि संकाय 5.विज्ञान संकाय का निर्धारित किए गए हैं जिस छात्र का काउंसलिंग होना है उसे काउंसलिंग तिथि से तीन दिन पहले छात्र के दिए हुए नंबर पर अभिभावक के मोबाइल नंबर पर एवं फार्म में पंजीकृत मेल पर मैसेज के द्वारा सूचना दिया जाएगा ` प्रवेश में एक सीट के सापेक्ष एक छात्र को बुलाया जाएगा काउंसलिंग में उसी तिथि पर आवश्यक प्रमाण पत्रों का आज आज का के उन्हें प्रवेश शिल्प दे दिया जाएगा और 2 दिन शुल्क जमा करने के लिए समय सीमा निर्धारित की गई है उसके उपरांत प्रतीक्षा सूची से दूसरे छात्र को मैसेज के द्वारा सूचना भेजकर उन्हें प्रवेश हेतु काउंसलिंग में मौका दिया जाएगा` छात्रों के प्रवेश फॉर्म में लगाए गए हैं आहर्ता प्रमाण पत्र की जांच करने के लिए पांचो सेंटर पर एन.सी.सी, खेल विभाग,एवं एन.एस.एस.से संबंधित कर्मचारी लगाए गए हैं।जो प्रमाण पत्रों के जांच कर निर्धारण करेंगे बाहर से आने वाले छात्रों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए गेट नंबर 2 पर छात्र हेल्प डेस्क लगा रहेगा एवं साथ ही छात्र कल्याण संकाय में एक स्थाई हेल्प डेस्क लगा रहेगा` यहां पर उनकी समस्याओं के निराकरण हेतु कर्मचारी लगे रहेंगे डॉक्टर डॉक्टर अमिता सिंह ने बताया कि सभी काउंसलिंग सेंटर ऊपर सुरक्षा की संपूर्ण व्यवस्था रहेगी हेल्प डेस्क पर भी सुरक्षा कर्मचारी लगे रहेंगे नव प्रवेश छात्रों की काउंसलिंग के दौरान किसी प्रकार का अनुशासनहीनता होने पर उन पर कठोर कार्रवाई की जाएगी डॉ सुनीता पांडे कुलसचिव ने कहा कि प्रवेश के दौरान किसी प्रकार का परेशानी या अवरोध न हो इसके लिए कर्मचारियों को निर्देशित कर दिया गया है पत्रकार वार्ता में आए हुए सभी पत्रकार एवं छायाकार बंधुओं को धन्यवाद ज्ञापन डॉ रमेश कुमार सिंह प्रभारी जनसंपर्क अधिकारी ने दिया।

## बयालसी महाविद्यालय में बायोमेट्रिक उपस्थिति एवं नई पेंशन योजना के विरोध में प्रदर्शन



प्रखर जलालपुर, जौनपुर। बयालसी महाविद्यालय, जलालपुर, जौनपुर में प्राध्यापकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने निदेशक (उच्च शिक्षा), प्रयागराज द्वारा बायोमेट्रिक उपस्थिति के आदेश, नई पेंशन योजना का भारी विरोध किया। प्रदेश कार्यकारिणी फुपुक्टा के आवाह्न पर महाविद्यालय के प्राध्यापकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया। उक्त विरोध प्रदर्शन में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ अलकेश्वरी सिंह, वरिष्ठ शिक्षक डॉ बृजेश कुमार मिश्र, डॉ संजय नारायण सिंह, महाविद्यालय शिक्षक संघ इकाई के पदाधिकारीगण श्री जगत नारायण सिंह, श्री प्रकाश चंद्र कसेरा, डॉ प्रतिभा सिंह, डॉ आशुतोष पांडे, श्रीकृष्ण सिंह, श्री सफीउल्लाह अंसारी, श्री उज्ज्वल सिंह समेत श्री अनिल कुमार, श्री हिमांशु कुमार एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारीगण श्री अजय कुमार सिंह, डॉ नीलम सिंह, श्री प्रमय कुमार सिंह, श्री विनय कुमार सिंह, श्री भूपेन्द्र सिंह, श्री बफाती अली आदि उपस्थित थें।

## खेतासराय में निकाली गई तिरंगा बाइक रैली



प्रखर खेतासराय (जौनपुर)। नगर में धर्मेंद्र मिश्रा भाजपा मंडल अध्यक्ष खेतासराय के नेतृत्व में बाइक तिरंगा रैली निकाली गई। इस रैली में देश प्रेम का ज्वार उमड़ता नजर आया। लोगों ने भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारे लगाते हुए। बाइक रैली नगर के दुर्गा मंदिर के पास से निकली पुराना रोड होते हुए मुख्य मार्ग से होते हुए खुटहन रोड दुर्गा मंदिर के पास रैली समाप्त हुई । नगर पंचायत से अध्यक्ष पद के पूर्व प्रत्याशी भाजपा नेता रूपेश गुप्ता मोनू ने मीडिया से बातचीत के दौरान कहा भारत की आजादी के 77 साल पूरे हो गए हैं। 15 अगस्त 1949 को देश ब्रिटिश हुकूमत की गुलामी से आजाद हो गया था। स्वतंत्रता हासिल करने के लिए सालों तक भारतीयों ने संघर्ष किया। अंग्रेजों के खिलाफ विद्रोह और कई आंदोलन हुए। आजादी की मांग को लेकर भारतीय वीर सपूतों ने संघर्ष किया, जेल गए, यहाँ तक कि अपने प्राण न्यौछावर कर दिए। स्वतंत्रता संग्राम की इस लड़ाई में पूरे भारत को शामिल करने के लिए उस दौर के कुछ दिग्गजों ने जोश और देश प्रेम बढ़ाने वाले ओजस्वी नारे लगाए। आप भी इस स्वतंत्रता दिवस पर बच्चों को देशभक्ति नारे सिखाएं और देश प्रेम बढ़ाएं। बाइक रैली में नगर पंचायत खेतासराय से अध्यक्ष पद के पूर्व प्रत्याशी भाजपा नेता रूपेश गुप्ता मोनू, राजेश श्रीवास्तव, रबी गुप्ता समेत तमाम भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## आंख में लाल मिर्च पाउडर डाल रास्ते में गिराया फिर सिर में मारकर जेसीबी संचालक की हत्या



प्रखर जौनपुर। केराकत कोतवाली क्षेत्र के ग्राम खेपतपुर में पुराने ट्यूबवेल के पास उसरपुर दिल्ला का पूरा निवासी एक जेसीबी संचालक की हत्या कर दी गई। हत्या करने के दौरान आरोपियों ने जेसीबी संचालक के आंख में पहले मिर्च का पाउडर डालकर गिराया फिर उसके सिर में मारकर हत्या की गई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस मामले में दो आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। उसरपुर दिल्ला का पुरा निवासी 32 वर्षीय संतोष यादव जेसीबी चलवाते थे। संतोष तीन भाईयों में दूसरे नंबर का था। जिसके दो लड़का और एक लड़की थी। जो वह बुधवार की रात में देवकली निवासी अपने मित्र के यहां से भोजन करके बाइक से वापस लौट रहे थे। इसी दौरान खेपतपुर पुराने ट्युबेल रास्ते में बजड़ी के खेत के पास कुछ लोगों ने उनकी आंख में मिर्च का पाउडर डाल दिया। उसके बाद सिर पर वार करके उसकी हत्या कर दी। गुरुवार की सुबह गांव के लोग खेत में शौच के लिए जा रहे थे। फिर उसके बाद शव देखकर पुलिस को सूचना दी। पुलिस की फॉरेंसिक टीम व डाग स्क्वायड की टीम ने छानबीन की तो वहां पर एक पर्स, टूटी चप्पल, मिर्च पाउडर का पैकेट एवं मोबाइल मिला। खोजी कुत्ता शौर्य ने घटनास्थल को सूंघने के बाद सीधे एक घर पहुंचा। उसी आधार पर पुलिस ने दो लोगों को हिरासत में लिया है। हत्या का कारण पुरानी रंजिश बतायी जा रही है।

### आरपीएफ व जीआरपी की संयुक्त टीम ने पकड़ी 3 लड़कियां, बंगाल पुलिस को किया सुपुर्द

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। कल आम्रपाली एक्सप्रेस ट्रेन से गाजीपुर आरपीएफ तथा जीआरपी की संयुक्त टीम ने जिन 03 लड़कियों को बरामद किया गया था। उन्हे आज सीडब्लूसी गाजीपुर द्वारा संबंधित सभी दस्तावेजी कार्यवाही करने के पश्चात बंगाल पुलिस को सुपुर्द करने के आदेश पर। तीनो लड़कियों को बंगाल पुलिस से आए एक सब इंस्पेक्टर और दो महिला कांस्टेबल को सुपुर्द किया गया। मौखिक पूछताछ में उक्त तीनों द्वारा बताया गया है की एक लड़के ने कुछ दिन पूर्व उक्त तीनों से दोस्ती की थी। जिसके द्वारा ही 10000/ रुपए पर पानीपत में नौकरी दिलाने को बोलकर पानीपत में किसी से वीडियो कॉल पर बात कराई गई थी। उक्त लड़के द्वारा ही तीनो लड़कियों को ट्रेन का टिकट दिलाकर ट्रेन में बैठाया गया था। तथा उक्त तीनों के सिम को निकलवाकर तोड़ दिया गया था। बाद उक्त लड़के ने दूसरा एक सिम और मोबाइल तथा पैसा देकर ट्रेन पकड़वाया गया था।

## वतर्मान युवा नया नेतृत्व, नयी क्षमता और युगान्तरकारी परिवर्तन लेकर आएगा

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक सहयोग का प्रमुख मंच जी-20 के अन्तर्गत वाई-20 के संदर्भ में संत अतुलानंद कॉन्वेंट स्कूल कोइराजपुर हरहुआ वाराणसी के ज्ञानपीठ सभागार में एक पैनल वार्ता आयोजित हुई इस पैनल वार्ता में यूनाइटेड स्टेट ऑफ अमेरिका, रूस, जापान तथा इटली जैसे देशों के शिष्ट मंडल के साथ भारत सरकार के प्रतिनिधि भी सम्मिलित हुए` इस वार्ता में पधारे सभी शिष्ट मंडल के सदस्यों एवं प्रतिनिधि दल का संस्था निदेशिका डॉ. वन्दना सिंह एवं प्रधानाचार्या डॉ. नीलम सिंह ने सादर अभिवादन करते हुए स्मृति चिह्न एवं अंगवस्त्र-भेंटकर विशेष सम्मान किया` संस्था के उप-निदेशक आयुष्मान सिंह ने देश विदेश से पधारे इस विशेष प्रतिनिधि दल का हृदय से स्वागत एवं अभिनंदन किया तथा कहा कि इस तरह की वार्ता से हमारे विद्यार्थी भी सशक्त और जागरूक होंगे तथा किसी ना किसी रूप में जी-20 का हिस्सा बनेंगे इस विशेष पैनल वार्ता में मुख्य अतिथि के रूप में सौरभ श्रीवास्तव विधायक कैण्ट वाराणसी की गरिमामयी उपस्थिति से विद्यार्थियों में विशेष प्रेरणा का संचार हुआ उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि युवा संसाधन के रूप में




अपार संपदा है, यदि हम उन्हें सक्षम बना दे तो हम विश्व के सबसे शक्तिशाली देश के रूप में उभरेंगे` वतर्मान युवा नया नेतृत्व, नयी क्षमता और युगान्तरकारी परिवर्तन लेकर आएगा भारत प्रतिनिधि दल से ट्रैक चेयर का पदभार सुयश पाण्डेय ने सुशोभित किया उन्होंने कहा कि अमृतकाल में किया गया यह प्रयास एक नये सेतु का निर्माण करना है भारत की नवोन्मेष प्रतिभा के माध्यम से जब प्रत्येक देश के नागरिक जुड़ेगें तो इस तरह के सम्बन्ध और सहयोग से तकनीकि क्रान्ति आयेगी` इस वार्ता में भारत से कमल मेडीशेट्टी विशेष प्रतिनिधि की भूमिका में मध्यस्थता कर रहे हैं अन्य देशों से पधारे शिष्ट मंडल के सदस्यों में यूनाइटेड स्टेट ऑफ अमेरिका से हिमाजा नागीरेड्डी, जापान से मीयू हारागुची, रूस से ग्लेब इवानोव तथा इटली से अन्टोनियो विसानी सम्मिलित हुए` इन सभी शिष्ट मंडल के सम्मानित सदस्यों ने विद्यार्थियों के साथ संवाद किया तथा विश्व शांति, खाद्य सुरक्षा एवं अन्तर्राष्ट्रीय संबध पर अपने विचार व्यक्त किये साथ ही साथ परस्पर सौहार्द एवं शांति निर्माण द्वारा वैश्विक पटल पर एक स्वर्णिम भविष्य की परिकल्पना के संदर्भ में विचार-विमर्श किया।

## पुरानी पेंशन सहित 18 सूत्रीय मांगे स्वीकार नहीं हुआ तो आर-पार की लड़ाई लड़ेंगे शिक्षक : सनत कुमार सिंह



प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ वाराणसी के वरिष्ठ शिक्षक नेता सनत कुमार सिंह के नेतृत्व में संघ के पदाधिकारियों द्वारा स्वतंत्रता दिवस के दिन पुरानी पेंशन बहाली सहित 18 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर एवं विधायक डॉ सुनील पटेल को सौंपा` मंत्री जी ने मौखिक रूप से आश्वस्त किया कि मंगलवार को मुख्यमंत्री जी को शिक्षकों की मांगों से अवश्य अवगत कराऊंगा सनत कुमार सिंह ने मंत्री जी को धन्यवाद दिया सनत कुमार सिंह ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिनेश चन्द्र शर्मा के नेतृत्व में पुरानी पेंशन बहाली सहित 18 सूत्रीय मांगों की लड़ाई प्रदेश स्तर तक लड़ी जायेगी` स्थिति यह है कि शिक्षकों के प्रति अधिकारियों के उदासीन रवैये व शिक्षकों की मांग मुख्यमंत्री जी को बतानी होगी विभाग में शिक्षण कार्य से इतर कार्य लिये जा रहे हैं सांस्कृतिक क्रिया कलापों के नाम पर विभिन्न तरह से शिक्षकों को शिक्षण कार्य से इतर कार्य कराया जा रहा हैं सनत कुमार सिंह ने कहा कि मांगे पूरी किये जाय अन्यथा चार सितम्बर को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर विशाल धरना व प्रदर्शन किया जायेगा` ज्ञापन सौंपते हुए सनत कुमार सिंह ने अनूप सिंह सहित सान्तेश्वर मिश्र, संजय राय, मनोज कुमार, राजेश सिंह, विजयलाल गुप्ता, डॉ सिद्धनाथ पाण्डेय, ललित कुमार सिंह, सन्तोष सिंह, सन्तोष शर्मा, राजकुमार, ओमप्रकाश, बृजपाल, राजीव सिंह, अखिलेश सिंह, दिलीप त्रिपाठी, दिनेश आदि का आभार व्यक्त किया वहीं आराजी लाइन्स के अध्यक्ष श्यामनारायण सिंह एवं मंत्री विश्वास पांडेय साथ ही सेवापुरी के अध्यक्ष काशीनाथ यादव व मंत्री शैलेंद्र विक्रम द्वारा विधानसभा क्षेत्र रोहनिया विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ सुनील पटेल व सेवापुरी के विधायक नील रतन नीलू को ज्ञापन सौंपकर अपनी बात रखी गई` पिण्डरा के अध्यक्ष संजय सिंह, मंत्री ज्ञानेंद्र उपाध्याय एवं बड़ा गांव के अध्यक्ष अजय तिवारी व जितेंद्र पांडेय द्वारा पिण्डरा क्षेत्र के विधायक डॉ अवधेश सिंह को ज्ञापन सौंपकर अपनी बात रखी गई `चिरईगांव के अध्यक्ष ज्योति भूषण त्रिपाठी तथा हरहुआ के अध्यक्ष संजीव राय (बिल्लू) द्वारा विधायक ,कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर को ज्ञापन सौंप कर अपनी मांग रखी गई चोलापुर के अध्यक्ष दुर्गा सिंह द्वारा अपने सहयोगियों के साथ अजगरा के माननीय विधायक त्रिभुवन राम को 18 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंप कर अपनी मांग रखी गई` मांगे पूरी नहीं हुई तो 4 सितम्बर पर बी एस ए कार्यालय पर शिक्षक धरना व प्रदर्शन करेंगे।

## नीट एवं इंजीयनरिंग परीक्षा पास करने पर विद्यालय परिवार ने छात्राओं को किया सम्मानित

प्रखर शाहगंज जौनपुर। बुधवार को क्षेत्र के बंसराज मेमोरियल सनराइज पब्लिक स्कूल में एक समारोह का आयोजन कर विद्यालय के परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों छात्र एवं छात्राओं को सम्मानित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि उपजिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार द्वारा विद्यालय की छात्रा आरती प्रजापति द्वारा नीट परीक्षा क्वालीफाई करने एवं महिमा यादव द्वारा इंजीयनरिंग परीक्षा पास करने पर स्मृति चिन्ह एवं सर्टीफिकेट देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही विद्यालय की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र एवं छात्राओं को भी विद्यालय के संस्थापक डाक्टर ज्ञानचंद चित्रवंशी द्वारा समानित किया गया।वहीं समाज मे बेहतर योगदान देने हेतु अशोक कुमार एवं पत्रकार नौशाद मंसूरी सहित आधा दर्जन पत्रकारों को विद्यालय की डायरेक्टर जागृति चित्रवंशी ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। समारोह के आरम्भ में विद्यालय के छात्र छात्राओं ने सांस्कृतिक एवं देश भक्ति कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित अभिभावकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम का संचालन मो. हसन मेहंदी ने किया।कार्यक्रम के अंत मे आये हुए



अतिथियों का आभार प्रियंका चित्रवंशी एवं प्रधानाचार्य बृजेश पाठक ने प्रकट किया। एवं छात्र छात्राओं की उज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर अमित, मिश्रा, सभापति, रिजवान, अनुराग, अली, सुमन, मीरा सहित तमाम गणमान्य उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### क्षेत्रवासियों ने स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया



प्रखर कछवाँरोड वाराणसी। वाराणसी के मिजार्मुराद थाना क्षेत्र में 77 वे स्वतंत्रता दिवस को बड़ी धूमधाम से मनाया और झंडारोहण किया क्षेत्र के लोगों ने ग्राम सभा छतेरी में बड़े हर्ष के साथ 15 अगस्त मनाया और झंडारोहण किया और तिरंगा लहराते हुए छतेरी बाजार से होते हुए कछवाँ रोड चौराहे तक तिरंगा यात्रा निकाला जिसमें क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित रहे क्षेत्रवासियों ने जय हिंद जय भारत का नारा लगाते हुए भारत माता की जयधोष के साथ जय कारा लगाते हुए कछवाँ रोड से लेकर छतेरी बाजार तक जय कारा गुजता रहा जिसमें उपस्थित रहे वरिष्ठ पत्रकार आचार्य पंडित श्याम बहादुर दुबे (भावी जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशी),व पत्रकार अरविंद उपाध्याय, ऋषि शुक्ला,श्याम नारायण त्रिपाठी, वरिष्ठ समाजसेवी गोलू तिवारी , वरिष्ठ समाजसेवी राजकुमार पाल ,वरिष्ठ समाजसेवी विकास प्रजापति, श्याम प्रजापति ,शिवम प्रजापति ,राजेश प्रजापति, पप्पू प्रजापति,अवधु प्रजापति व पूर्वा अध्यापक बिहारी लाल प्रजापति आदि लोगों ने झंडारोहण में भाग लिया झंडारोहण भी किया गया।

### नूंह हिंसा के आरोप में गिरफ्तार किए बिट्टू बजरंगी को सभी प्रकार की कानूनी मदद करेगी राष्ट्रीय हिन्दू दल : रोशन पाण्डेय

**विश्व हिन्दू परिषद को साथ देना चाहिए था ना कि किनारा करना, टीवी पर बड़ी बाते करने से हिंदूत्व नहीं बचता है- रोशन पाण्डेय**

प्रखर वाराणसी। नूंह हिंसा के आरोप में फरीदाबाद से गिरफ्तार किए गए बिट्टू बजरंगी को बुधवार को विश्व हिंदू परिषद (VHP) ने बयान जारी कर कहा-" राजकुमार उर्फ बिट्टू बजरंगी से संगठन का कोई संबंध नहीं है। जिसके बाद बिट्टू बजरंगी के समर्थन में खड़ा हुए संगठन राष्ट्रीय हिन्दू दल ने कानूनी मदद करने का ऐलान किया है।

### सर्व हारा समाज की आवाज थे पण्डित माता सेवक



प्रखर सिकरारा जौनपुर। के भुइला गांव निवासी व पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष पण्डित माता सेवक उपाध्याय की 9 वी पुण्यतिथि बुधवार को उनके पैतृक गांव मे सादगी के साथ मनाई गई। उनके आवास पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा मे बड़ी संख्या मे पहुंचे लोगो ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धाजलि दी। अपने पिता के चित्र पर धूप दीप व पुष्पांजलि अर्पित कर राज्यसभा सांसद सीमा द्विवेदी ने परिजनों के साथ शांति पाठ व हवन किया।अपने सम्बोधन मे उन्होंने कहा कि पिताजी सर्व हारा समाज की आवाज रहे।उन्होंने सदैव गरीबो मजलूमो के लिए कार्य किया। यही कारण था कि वे लगातार चार बार ब्लॉक प्रमुख चुने गए। वे अदम्य साहस के धनी, शिक्षाविद एवं कुशल राजनीतिज्ञ के साथ बहु आयामी व्यक्तित्व के मालिक थे। उन्होंने क्षेत्र की महिलाओं को अशिक्षा के अंधकार से मुक्ति के लिए बालिका इंटर कालेज के साथ साथ प्राथमिक से इंटर तक अलग से कालेज की स्थापना की । आज वे जो कुछ भी हैं उन्हीं के आशीर्वाद का प्रतिफल है। ऐसे मे उनके आदर्शो पर चलना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। कार्य क्रम में दिनभर विभिन्न राजनैतिक दलों के लोगो के अलावा प्रशासनिक अधिकारी, भाजपा पदाधिकारी, शिक्षाविद व समाजसेवियों का जमावड़ा लगा रहा। श्रद्धांजलि देने वालों मे मुख्य रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह, विहिप के काशी प्रान्त के विभाग मंत्री डॉ समर बहादुर सिंह,पुलिस अधीक्षक डॉ अजय पाल शर्मा ,भाजपा जिला महामंत्री अनिल श्रीवास्तव, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील उपाध्याय, ब्लाक प्रमुख संजय सिंह, सुजानगंज प्रमुख श्री प्रकाश शुक्ल, बेसिक शिक्षा अधिकारी डा. गोरखनाथ पटेल, डायट प्राचार्य डॉ विनोद शर्मा, पूर्व प्राचार्य, शिक्षक नेता राकेश सिंह, संतोष सिंह, अमित सिंह,श्याम नारायण उपाध्याय, डॉ संतोष तिवारी,शैलेश चतुवेर्दी ,अभयराज उपाध्याय,भाजपा मंडल अध्यक्ष अजय मिश्रा, मंत्री बब्बू उपाध्याय,अरविंद सिंह,डॉ डीपी सिंह डा. प्रमोद सिंह, जंग बहादुर सिंह,संजय चौबे, बीईओ आनंद प्रकाश सिंह,बसन्त तिवारी, शैलेन्द्र त्रिपाठी ,महेंद्र मिश्र,सहित भारी संख्या मे लोग रहे। उनके पुत्र पूर्व प्रमुख सुधाकर उपाध्याय,संतोष उपाध्याय व सुशील उपाध्याय ने अभ्यागतों का स्वागत व पौत्र चंदन उपाध्याय ने आभार ज्ञापित किया।

### मैजिक की चपेट में आने से बुजुर्ग की मौत

प्रखर पिंडरा वाराणसी। फूलपुर थाना क्षेत्र के कैथौली गांव निवासी लालचंद्र 64 वर्ष का गुरुवार को सुबह 11 बजे रघुनाथपुर गांव के सामने मैजिक के चपेट में आने से मौत हो गई। बताते हैं कि अपने घर से सुबह 11 बजे जौनपुर -वाराणसी मुख्य मार्ग पर लालचंद ही पैदल बाबतपुर की तरफ जा रहे थे। रघुनाथपुर के समीप पहुचे थे कि जौनपुर से वाराणसी की तरफ जा रही तेज रफ्तार मैजिक वाहन अनियंत्रित होकर पीछे से जोरदार टक्कर मार दी । जिससे सिर में गंभीर चोट लगने व रक्तस्राव अधिक होने से मौके पर ही मौत हो गई। टक्कर मारने के बाद चालक तेज गति से वाहन को लेकर भागने लगा। तभी एक वाहन चालक ने मैजिक को ओवरटेक कर रोक दिया। सूचना पर बाबतपुर चौकी इंचार्ज इंदुकांत पांडेय मय फोर्स मौके पर पहुंच गये। कुछ देर के बाद मृतक के परिजन घटनास्थल पर पहुंच गए।

प्रखर पूर्वांचल

RNIUPHIN/2016/68754

मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह' द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस' सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001 से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित

सम्पादकीय कार्यालयः 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोडः 233001

सम्पर्क सूत्रः 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802

सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।

ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं